UPHIN/2011/39718

(डिजिटल संस्करण)

बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार




दैनिक

# यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत
वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-204 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) मंगलवार 07 जुलाई 2026 youngbharatE-

## खुशियों की बरसात! यूपी में 3 नई भर्तियों का ऐलान, हजारों युवाओं के लिए मौका






( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। राज्य में अलग-अलग विभागों में तीन बड़ी भर्तियों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इनमें उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की गन्ना पर्यवेक्षक और हवलदार इंस्ट्रक्टर भर्ती के साथ-साथ उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की प्रतिष्ठित पीसीएस परीक्षा भी शामिल है।

1. गन्ना पर्यवेक्षक के 1182 पदों पर भर्ती

यूपीएसएसएससी ने गन्ना पर्यवेक्षक के 1182 पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की है। इस भर्ती के लिए बीएससी पास अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। यह भर्ती कृषि और गन्ना विभाग में सरकारी नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं के लिए बड़ा अवसर मानी जा रही है।

कुल पद: 1182
योग्यता: B.Sc.
आवेदन शुरू: 7 जुलाई 2026
अंतिम तिथि: 28 जुलाई 2026
आवेदन का माध्यम: ऑनलाइन

2. हवलदार इंस्ट्रक्टर के 209 पद

यूपीएसएसएससी ने हवलदार इंस्ट्रक्टर के 209 पदों पर भी भर्ती निकाली है। इस भर्ती के लिए 12वीं पास उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। जो अभ्यर्थी कम शैक्षणिक योग्यता के साथ सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे हैं, उनके लिए यह अच्छा अवसर है।

कुल पद: 209
शैक्षणिक योग्यता: 12वीं पास
आवेदन की अंतिम तिथि: 9 जुलाई 2026
आवेदन प्रक्रिया: ऑनलाइन

3. UPPSC PCS 2026 के लिए लगभग 500 पद

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने संयुक्त राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा 2026 का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इस भर्ती के माध्यम से ग्रुप 'ए' और ग्रुप 'बी' के विभिन्न पदों पर लगभग 500 रिक्तियां भरी जाएंगी।

अनुमानित पद: लगभग 500
योग्यता: किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक
आयु सीमा: 21 से 40 वर्ष (1 जुलाई 2026 के अनुसार)
आवेदन शुरू: 25 जून 2026
आवेदन की अंतिम तिथि: 27 जुलाई 2026
आवेदन संशोधन की अंतिम तिथि: 3 अगस्त 2026

युवाओं के लिए शानदार मौका

इन तीनों भर्तियों के माध्यम से हजारों युवाओं को सरकारी सेवा में आने का अवसर मिलेगा। अलग-अलग योग्यता वाले उम्मीदवार अपनी पात्रता के अनुसार आवेदन कर सकते हैं। जो अभ्यर्थी लंबे समय से सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे हैं, उनके लिए यह समय महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

## यूपी चुनाव 2027 में बनेगी पीडीए की सरकार; बीजेपी का सूपड़ा होगा साफ, अखिलेश यादव का बड़ा दावा



( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश में शनिवार को राजनीतिक माहौल खासा गरमाया रहा। एक तरफ भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन लखनऊ पहुंचे। प्रदेश में चुनावी तैयारियों को लेकर माहौल इसी के साथ बनने लगा। वहीं, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से शनिवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय में पहुंचे। वहां उन्होंने मुंबई में रह रहे उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के प्रमुख लोगों ने मुलाकात की। 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की तन-मन-धन से मदद करने और उसे विजयी बनाने का संकल्प लिया।

अखिलेश यादव ने इस मौके पर दावा किया कि प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनावों में पीडीए यानी पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक की सरकार बनेगी। चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का सूपड़ा साफ होगा। मुंबई में प्रवासी प्रदेशवासियों की इस बैठक का आयोजन समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष काशीनाथ यादव ने किया। इसमें महाराष्ट्र समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अबू आसिम आजमी भी मौजूद रहे। अखिलेश यादव ने मुंबई से आए प्रदेशवासियों का स्वागत करते हुए उनके परिश्रम, साहस और लगन की सराहना की। उन्होंने कहा कि आपने मुंबई जैसे महानगर में जाकर भी अपनी पहचान बनाए रखी है। अखिलेश ने अपील की कि चुनाव के दिनों में आप आकर मदद कर दें तो भाजपा का सूपड़ा साफ हो जाएगा। मुंबई वासियों ने अखिलेश को भरोसा दिलाया कि वे चुनाव में पूरी सक्रियता से सपा का समर्थन और सहयोग करेंगे। अखिलेश ने कहा कि प्रदेश में पीडीए की सरकार बनेगी। 2024 का लोकसभा चुनाव हमने जीता है। अब 2027 का विधानसभा चुनाव भी जीतेंगे। जनता सामंती भाजपा सरकार को हटाएगी। इसके लिए ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाएं और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि 2027 का चुनाव लोकतंत्र और संविधान बचाने का भी है। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि निष्पक्ष चुनाव न होने की वजह से भाजपा अब क्षेत्रीय पार्टियों को तोड़कर अपना बहुमत बनाना चाहती है, ताकि वह संविधान के साथ मनमानी कर सके। उन्होंने आरोप लगाया कि महिला आरक्षण के मामले में भाजपा धोखा दे रही है, जबकि समाजवादी पार्टी हमेशा महिला आरक्षण के पक्ष में रही है। अखिलेश ने आरोप लगाया कि अयोध्या में राम मंदिर के चढ़ावे में डकैती भाजपा-आरएसएस धर्म के नाम पर कर रही है, लेकिन आपसी बंटवारे को लेकर चढ़ावे की इस डकैती का पर्दाफाश हो गया है। उन्होंने हमला बोलते हुए कहा कि नागपुर वालों का असली चेहरा सामने आ गया है।

## यूपी की सियासत में बड़ा उलटफेर! बसपा में लौटे पुराने दिग्गज, चुनाव से पहले कौन बदल रहा खेल?

( यंग भारत न्यूज )



**लखनऊ।** प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच बहुजन समाज पार्टी (बसपा) एक बार फिर अपने पुराने जनाधार को मजबूत करने में जुट गई है। पार्टी लगातार पुराने नेताओं को वापस लाकर संगठन को सक्रिय कर रही है। पूर्व राज्य मंत्री अशोक गौतम की बसपा में वापसी हुई है। पार्टी ने उन्हें लखनऊ का मुख्य मंडल प्रभारी बनाया है। उनकी वापसी को बसपा के लिए संगठनात्मक मजबूती के तौर पर देखा जा रहा है।

बुलंदशहर के मुकेश पंडित और कई अन्य दलों के नेता बसपा में शामिल हुए हैं। नोएडा के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी सतवीर नागर की भी पार्टी में वापसी हुई है, जिन्हें मेरठ मंडल का जोनल प्रभारी बनाया गया है। आजाद समाज पार्टी के आगरा के नेता महेश चंद्रा ने भी बसपा का दामन थाम लिया है। इससे साफ है कि पार्टी अन्य दलों के असंतुष्ट नेताओं को भी अपने साथ जोड़ने की रणनीति पर काम कर रही है। मऊ के मोहम्मदाबाद में कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान जेके आजाद को प्रत्याशी घोषित किया गया। बसपा की यह रणनीति अन्य दलों पर दबाव बढ़ा रही है क्योंकि पार्टी समय से पहले ही अपने उम्मीदवार घोषित कर रही है। बसपा जल्द ही सहारनपुर और सुल्तानपुर में भी कार्यकर्ता सम्मेलन करने जा रही है, जहां कई और प्रत्याशियों के नाम घोषित किए जाने की संभावना है। यह कदम पार्टी के चुनावी अभियान को और तेज कर सकता है।

## यूपी 2027 चुनाव में बीजेपी के लिए खतरे घंटी! लखनऊ में नितिन नवीन का फीका रोड शो दे रहा बड़े सियासी संकेत

( यंग भारत न्यूज )



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की सड़कों पर कल जो कुछ भी हुआ, उसने देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को पूरी तरह हिलाकर रख दिया है. भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन इस समय लखनऊ के अपने पहले बेहद महत्वपूर्ण दो दिवसीय दौरे पर हैं.

इसी दौरे के दौरान बीते 4 जुलाई को लखनऊ के तय रास्तों पर एक बेहद भव्य रोड शो का आयोजन किया गया था. पार्टी के रणनीतिकारों को पूरी उम्मीद थी कि नए अध्यक्ष के स्वागत में लखनऊ की सड़कों पर जनता का एक ऐतिहासिक और भव्य जनसैलाब उमड़ेगा. इसी भारी उम्मीद के चलते प्रशासन की तरफ से सुरक्षा के बेहद कड़े और चाक-चौबंद इंतजाम भी किए गए थे. लेकिन जैसे ही यह रोड शो मुख्य रास्तों से शुरू हुआ, वहां का नजारा देखकर भारतीय जनता पार्टी के बड़े-बड़े दिग्गजों के पैरों तले जमीन खिसक गई और हर कोई सन्न रह गया. पार्टी आलाकमान ने इस बड़े आयोजन को लेकर जैसी भव्य और विशाल उम्मीदें लगा रखी थीं, हकीकत की जमीन पर नजारा बिल्कुल उसके उलट दिखाई दिया. नितिन नवीन का यह पहला रोड शो पूरी तरह से फीका और बेअसर साबित हुआ. लखनऊ की जिन चौड़ी सड़कों पर अमूमन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो के दौरान लाखों की उत्साही जनता का हुजूम उमड़ पड़ता है, वहां पैर रखने तक की जगह नहीं मिलती है. लेकिन इसके बिल्कुल विपरीत बीजेपी के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के इस खास रोड शो के दौरान पूरी तरह से सन्नाटा पसरा हुआ नजर आया. सड़कों के किनारे और आयोजन स्थल पर भीड़ का दूर-दूर तक नामोनिशान नहीं था, जिसने हर किसी को हैरान कर दिया है. अब राजनीतिक गलियारों में इस बात को लेकर बेहद तीखी बहस और समीक्षाएं शुरू हो गई हैं कि लखनऊ की धरती पर नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के रोड शो में इस तरह का सन्नाटा पसरना क्या आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 के लिए बीजेपी के हक में एक बहुत बड़ी खतरे की घंटी है. उत्तर प्रदेश जैसे बड़े और राजनीतिक रूप से बेहद संवेदनशील राज्य में चुनाव से ठीक पहले इस तरह की जन-उदासनीता को राजनीति के जानकार बेहद गंभीर मान रहे हैं. चुनाव 2027 में अब ज्यादा वक्त नहीं बचा है, ऐसे में पार्टी के सबसे बड़े संगठनात्मक चेहरे के कार्यक्रम में आम जनता की यह बेरुखी जमीनी कमजोरी की तरफ साफ इशारा कर रही है. अब सबसे बड़ा और यक्ष प्रश्न यह खड़ा होता है कि आखिर देश की सत्ता पर काबिज इतनी मजबूत पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का रोड शो इस कदर बेअसर और फीका क्यों पड़ गया. इसके पीछे कई बड़े और गहरे सियासी कारण निकलकर सामने आ रहे हैं. राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि लखनऊ के इस आयोजन में स्थानीय संगठन और जमीनी कार्यकर्ताओं के बीच आपसी तालमेल की एक बहुत बड़ी और भारी कमी साफ तौर पर देखने को मिली. कहीं न कहीं स्थानीय नेताओं ने इस रोड शो को सफल बनाने के लिए आम जनता को घरों से निकालने में वह दिलचस्पी और कड़ी मेहनत नहीं दिखाई, जिसकी उम्मीद एक राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत के लिए की जाती है. इसके अलावा भीषण गर्मी और उमस के बीच हुए इस आयोजन की सही ढंग से नीचे तक ब्रांडिंग न होना भी भीड़ न जुटने की एक बड़ी वजह माना जा रहा है. इस पूरी घटना ने उत्तर प्रदेश के भीतर एक बेहद दिलचस्प और गंभीर सियासी बहस को भी जन्म दे दिया है. जहां एक तरफ पूरे उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम का डंका बजता है, उनके एक इशारे पर या किसी भी छोटे कार्यक्रम में हजारों-लाखों की संख्या में समर्पित लोग खुद-ब-खुद खिंचे चले आते हैं. वहीं दूसरी तरफ बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पहले आधिकारिक रोड शो का इस तरह से सन्नाटे की भेंट चढ़ जाना कई तरह के बड़े और तीखे सवाल खड़े करता है. क्या उत्तर प्रदेश की आम जनता और बीजेपी का कोर वोटर सिर्फ स्थानीय चेहरों और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम पर ही सड़कों पर उतरने को तैयार है? क्या केंद्रीय संगठन के चेहरों को लेकर यूपी की जनता के भीतर वह पुराना उत्साह अब नहीं बचा है? यह एक ऐसा कड़वा सवाल है जिसका जवाब ढूंढने के लिए अब बीजेपी के बड़े-बड़े रणनीतिकार बंद कमरों में माथापच्ची करने को पूरी तरह मजबूर हो चुके हैं. लखनऊ की सड़कों पर पसरे इस सन्नाटे के पीछे बेहद गहरे और गंभीर सियासी संकेत छिपे हुए हैं.

## जिले में यदि भ्रष्टाचार की रैंकिंग हो जाये तो फर्स्ट आएगा लघु सिंचाई

### डीएम की सज्जनता का फायदा उठाकर लघु सिंचाई के 'दुर्जन' अभियंताओं ने नही माना कोई भी आदेश


- अभियंता जादौन है गुड़ का बाप 'कोल्हू', भ्र्ष्टाचार की जीती जागती मिशाले खड़ी कर रहा है आये दिन
- डीएम राजेश पांडेय ने आदेश कर रखे दो दिवस में मांगी थी बोरिंग कार्यो की रिपोर्ट, जो आज तक नही सौंपी गई
- किसानों के शोषण, ठेकेदारों से सांठगांठ और सरकारी धन के दुरुपयोग के गंभीर आरोप हैं इन पर
- सीएम योगी कड़क कही जाने वाली सरकार में दम से भ्र्ष्टाचार कर रहे हैं लघु सिंचाई के कर्ता धर्ता

(संजय श्रीवास्तव)

( यंग भारत न्यूज )

**उरई/जालौन।** जनपद जालौन के लघु सिंचाई विभाग में वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमितताओं के आरोप लगातार गंभीर होते जा रहे हैं। सहायक अभियंता सुरेंद्र सिंह जादौन पर किसानों के शोषण, ठेकेदारों से कथित सांठगांठ, सरकारी धन के दुरुपयोग तथा विभागीय जांचों में सहयोग न करने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। आरोप है कि जिलाधिकारी द्वारा कई बार जांच के आदेश दिए जाने के बावजूद विभाग की ओर से आवश्यक अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए गए, जिससे एक भी जांच तार्किक निष्कर्ष तक नहीं पहुंच सकी।

सूत्रों के अनुसार जिलाधिकारी जालौन ने अलग-अलग अवसरों पर लगभग पांच से सात जांचों के आदेश जारी किए थे। इन जांचों में मजिस्ट्रेट, मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ), अपर जिलाधिकारी (एडीएम), तकनीकी अधिकारियों सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उद्देश्य किसानों की शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर उन्हें न्याय दिलाना था, लेकिन आरोप है कि लघु सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए गए और जांच टीमों को अपेक्षित सहयोग नहीं मिला। बताया जाता है कि जांच अधिकारियों ने अपनी रिपोर्ट में भी उल्लेख किया कि विभाग की ओर से आवश्यक अभिलेख और जानकारी उपलब्ध न कराए जाने के कारण जांच प्रभावित हुई। इससे विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो गए हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने 13 जून 2026 को पत्र संख्या 162/ओएसडी जारी कर अधिशासी अभियंता, लघु सिंचाई, जालौन (उरई) से वित्तीय वर्ष 2025-26 में कराई गई सभी मध्यम एवं गहरी बोरिंग नलकूपों का तहसीलवार विवरण, लाभार्थियों के नाम-पते,



स्वीकृति संख्या, व्यय राशि, कार्य पूर्ण होने की तिथि तथा वर्तमान स्थिति की जानकारी दो दिवस के भीतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। पत्र में स्पष्ट चेतावनी दी गई थी कि निर्धारित समय में सूचना उपलब्ध न कराने पर इसे प्रकरण के प्रति गंभीरता न बरतना माना जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी। इसके बावजूद आरोप है कि आज तक जिलाधिकारी कार्यालय को पूर्ण अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए गए। इससे प्रशासनिक आदेशों के अनुपालन को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। शिकायतों में आरोप लगाया गया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अपंजीकृत हैवी बोरिंग मशीनों से लगभग 150 रुपये प्रति फुट की बाजार दर पर कार्य कराकर भुगतान पंजीकृत फर्मों की दरों पर किया गया। आरोप है कि इस प्रक्रिया में ठेकेदारों और विभागीय अधिकारियों की कथित मिलीभगत से सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ। शिकायतों में सेवानिवृत्त अवर अभियंता रामकुमार, सहायक अभियंता सुरेंद्र सिंह जादौन तथा अन्य कर्मचारियों के गठजोड़ का भी उल्लेख किया गया है। यह भी आरोप लगाया गया है कि केंद्रीय भंडार के अभिलेखों और सामग्री का औचक निरीक्षण होने पर कई अनियमितताएं सामने आ सकती हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि सेवानिवृत्त कर्मचारी भी कार्यालय में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं और किसानों से जुड़े कार्यों में हस्तक्षेप कर रहे हैं। विभागीय सूत्रों का यह भी दावा है कि सुरेंद्र सिंह जादौन लंबे समय से विभाग में प्रभावशाली भूमिका निभाते रहे हैं तथा उच्च अधिकारियों के समक्ष अलग प्रकार की रिपोर्ट प्रस्तुत कर जांच प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता रहा है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। किसानों और शिकायतकर्ताओं ने पूरे मामले की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों और संबंधित ठेकेदारों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, लघु सिंचाई विभाग की ओर से इन आरोपों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

- आज तक किसी पर भी दंडात्मक कार्यवाही न होने से बढ़ चुका इन भृष्टाचारियो का हौंसला
- घटिया बोरिंग नकली सामान और किसानों से बदसलूकी बन गया है लघु सिंचाई विभाग का आलम
- अभियंता जादौन लम्बी हांकने का है आदि, लखनऊ में पड़ा रहता है, वेतन पूरा लेता है और विभाग को चलता है अपने इशारों पर

# समाधान दिवस में फरियादियों की 28 शिकायतें प्रस्तुत,4 का मौके पर निस्तारण

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** सोमवार को सीओ राजेश कमल की मौजूदगी में उपजिलाधिकारी अमित शेखर की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर फरियादियों के द्वारा 28 शिकायते प्रस्तुत की गई। जिसमें सबसे अधिक राजस्व की 7 तथा पुलिस विभाग के 05 मामले शामिल हैं। मौके पर 04 शिकायतों का निस्तारण किया गया।



तहसील सभाकक्ष मे आयोजित समाधान दिवस में एसडीएम अमित शेखर, क्षेत्राधिकारी राजेश कमल,तहसीलदार अभिनव तिवारी तथा नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला के समक्ष शिक्षक अर्जुन मौर्य निवासी मोहल्ला सदर बाजार ने शिकायत की है कि दिनांक 26.6.2026 की शाम 7:00 बजे प्रार्थी की पत्नी के गले से बदमाशों में चैन छीन ली थी। उसकी रिपोर्ट दर्ज की जाए। राघव राम निवासी उसरगांव में प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया है कितना 26.6.2026 को विपक्षियों के द्वारा मारपीट की गई है इसकी रिपोर्ट लिखी जाए। अजय सिंह सिलहरा सिकंदरा कानपुर देहात ने बताया कि प्रार्थी की पिता विशंभर के नाम की जमीन उरकुरा खुर्द में विपक्षी गुंडई के बल पर कब्जा कर रहे है। आकांक्षा देवी प्रधान बीजापुर में शिकायत की है। कि मेरी खेती की पैमाइश के बाद खंभे गड़े थे वहां पर विपक्षियों के द्वारा जुताई बखराई की जा रही है। गयावती हीरापुर ने बताया की प्रार्थी की जमीन के अंश को अभिलेखों में ठीक कराने की मांग की। जिला पंचायत सदस्य अतर सिंह पाल नमामि गंगे के निर्माण अधीन में पानी की टंकी एवं बोरबेल कुआं खेड़ा, दादूपुर में नल खराब पड़े हैं। इसे ठीक करने की मांग की है। उपजिलाधिकारी अमित शेखर ने पिछले समाधान दिवस में आये प्रार्थना पत्रों के विभाग वार निस्तारण की समीक्षा की। विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन की नई गाइडलाइन के अनुरूप सभी शिकायतों का मौके पर जाकर के गुणवत्ता पूर्वक समाधान कराया जाए। जांच के दौरान समय तथा दिनांक का उल्लेख जरूरी है। तथा आवेदक का संतुष्टि भी होनी चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की हीला हवाली नहीं होनी चाहिए। राजस्व निरीक्षक हरेंद्र सिंह सेंगर,सुरेश कुमार,नगर पालिका परिषद के अवर अभियंता प्रवीण कुमार मौर्य, विधुत विभाग के उपखंड अधिकारी धर्मेंद्र सिंह सचान, जल संस्थान के अवर अभियंता वासित अली, वन विभाग के दरोगा मन्ना सिंह चौहान,प्रेम कुमार पाण्डेय, हर्ष सोनी,स्टैनो सलीम खान,तहसील के प्रशासनिक अधिकारी धीरज पुरवार,कालपी कोतवाली कालपी के सब इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह चंदेल के अलावा कदौरा,आटा तथा चुरखी के थानेदारों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# ऑपरेशन कन्विक्शनः मॉनिटरिंग सेल व कुठौंद पुलिस की प्रभावी पैरवी से अभियुक्त को दो वर्ष का कारावास

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** पुलिस अधीक्षक जालौन के निर्देशन में संचालित ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत मॉनिटरिंग सेल एवं थाना कुठौंद पुलिस की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप न्यायालय ने एक अभियुक्त को दोषी करार देते हुए दो वर्ष के सश्रम कारावास तथा 17,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

प्रकरण थाना कुठौंद क्षेत्र के ग्राम बिछवाली निवासी लालचंद पुत्र कमलन से संबंधित है। अभियुक्त के विरुद्ध थाना कुठौंद में मु.अ.सं. 117/19 के तहत धारा 302/201 भादवि में मुकदमा दर्ज किया गया था। मॉनिटरिंग सेल और थाना कुठौंद पुलिस द्वारा न्यायालय में सशक्त एवं प्रभावी पैरवी किए जाने के फलस्वरूप न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी मानते हुए उक्त सजा सुनाई। इस सफल पैरवी में अभियोजन अधिकारी राजेन्द्र द्विवेदी, प्रभारी मॉनिटरिंग सेल परमसुख तिवारी, हेड कांस्टेबल मुनीन्द्र सिंह चौहान तथा कांस्टेबल अभिषेक कोटे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने टीम के कार्य की सराहना करते हुए इसे अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई और न्याय दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

# कालपी में युवक को झांसा देकर बेरहमी से पीटने का आरोप, वीडियो वायरल

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई ।** कालपी कोतवाली क्षेत्र में एक युवक को रिश्तेदार के सड़क हादसे में घायल होने का झांसा देकर सुनसान स्थान पर बुलाकर बेरहमी से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि हमलावरों ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने पीड़ित का चिकित्सीय परीक्षण कराते हुए तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

टरननगंज निवासी अशोक कुमार शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 3 जुलाई की रात दो युवक उसके पास पहुंचे और उसके भतीजे के सड़क किनारे घायल पड़े होने की सूचना दी। इस पर वह उनके साथ चला गया। आरोप है कि सुनसान स्थान पर पहले से मौजूद कुछ लोगों ने उसे घेर लिया और लाठी-डंडों व हाथ-पैरों से जमकर मारपीट की। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने उसकी जेब से 500 रुपये निकाल लिए, उसके कपड़े उतरवा दिए और अधमरी हालत में छोड़कर फरार हो गए। इतना ही नहीं, आरोपियों ने पूरी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म स्नैपचैट पर अपलोड कर दिया, जिससे उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची। किसी तरह जान बचाकर घर पहुंचे पीड़ित ने परिजनों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कालपी में उपचार कराया। इसके बाद कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ लिखित शिकायत देते हुए कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की। क्षेत्राधिकारी (सीओ) कालपी राजेश कमल ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की जानकारी मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पीड़ित अशोक कुमार शर्मा की तहरीर के आधार पर रमन पुत्र बलराम तथा अभिषेक सोलंकी उर्फ बल्लू सहित अन्य आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# यमुना पुल के मरम्मतीकरण कार्य की हकीकत देखकर दिए जरूरी निर्देश

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** बीती शाम को एसपी विनय कुमार सिंह समेत उच्च अधिकारियों तथा इंजीनियरों के साथ जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे ने यमुना नदी कालपी के पुराने पुल का निरीक्षण किया। तथा हाईवे की यातायात व्यवस्था का जायजा लेकर कार्यकारी संस्था को आवश्यक निर्देश दिए।

विदित हो कि दिनांक 26.05.2026 से यमुना नदी के पुराने पुल में बैरिंग बदलने का काम शुरू हुआ था। तथा नए पुल से दोनों तरफ से वाहनों का आवागमन हो रहा है। यातायात का लोड अधिक बढ़ जाने से हाईवे में जाम के हालात पैदा हो गए हैं इसी को दृष्टिगत रखते हुए जिलाअधिकारी राजेश कुमार पांडे एसपी विनय कुमार पांडे उपजिलाअधिकारी अमित शेखर सीओ राजेश कमल राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की कार्यवाही संस्था के इंचार्ज उत्तम सिंह प्रबंधक इंग्लिश शर्मा के द्वारा निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने हाइवे स्थित दौलतपुर के समीप मार्ग को दुरुस्त करने के निर्देश दिए तथा चेतावनी दी किसी भी सूरत में जाम नहीं लगना चाहिए किसके लिए उचित प्रबंध किए जाएं तथा पुराने पुल से मरम्मत करने का कार्य युद्ध स्तर पर कराने की निर्देश दिए है।

# कार्य की पहचान रखती है यादगार तरोताजा

( यंग भारत न्यूज )

**माधौगढ़ (जालौन)** कोतवाली माधौगढ़ में तैनात प्रभारी निरीक्षक अभिलाष मिश्रा बड़ी ही सादगी भरे और चेहरे पर मुस्कान के साथ लोगों को न्याय दिलाने में अग्रणी रहे हैं उन्होंने हर फरियादी की बात को गंभीरता से सुना तो वहीं फरियादी को जायज न्याय दिलाने का काम किया कोतवाली माधौगढ़ के लोगो का कहना है कि इंस्पेक्टर श्री मिश्रा बड़ी ही हंसमुख स्वभाव के है वह फरियादियों की पीड़ा को बड़ी तसल्ली से सुनते हुए जान जाते थे जब इंस्पेक्टर श्री मिश्रा की विदाई हुई तो स्टाफ से लेकर आए कोतवाली क्षेत्र के ग्रामीण जन बड़े ही भावुक हुए



# जिला पंचायत सदस्य ने समस्याओं को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** सोमवार को जिला पंचायत सदस्य एवं बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अंतर सिंह पाल ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर उप जिलाधिकारी अमित शेखर को ज्ञापन सौंप कर समस्याओ को अवगत कराते हुए समाधान करने की मांग उठाई है ?

जिला पंचायत सदस्य अतर सिंह पाल ने ज्ञापन के माध्यम से एसडीएम को अवगत कराया है कि कुरहना मे सचिवालय के पास भरा जल निकासी न होने से भरा हुआ है। इसी को लेकर अवगत कराया एसडीएम ने विकास खण्ड अधिकारी कदौरा को समस्या को समाधान करने का निर्देश दिया है। बसपा ने पहली बारिश मे गांवो मे नाला नाली साफ कराने के संबंध मे कहा। तथा नमामि गंगे के द्वारा पानी कई गांव मे पानी की सप्लाई जल्द-से-जल्द सुचार रूप से चालू हो।

# संदिग्ध परिस्थितियों के चलते नवविवाहिता ने फांसी लगाकर जान दी

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** रविवार को नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।



कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हरीपुरा निवासी रोहित जाटव डीजे आदि का काम करता है। करीब चार माह पूर्व 20 फरवरी को उसकी शादी कोटरा थाना क्षेत्र के ग्राम ऐंधा निवासी निशा जाटव (21) के साथ हुई थी। रविवार की रात वह डीजे बजाने के लिए गया था। घर में उसकी पत्नी निशा अकेली थी। रात करीब एक बजे जब रोहित डीजे बजाकर घर वापस लौटा तो दरवाजे पर आवाज देने के बाद भी जब काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला तो उसने खिड़की से झांककर देखा। जिसमें उसे पत्नी का शव दुपट्टे से फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। उसने मोहल्ले के लोगों को आवाज दी तो वहां मोहल्ले के लोग एकत्रित हो गए और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी मनीष तिवारी मौके पर पहुंचे और किसी तरह दरवाजा खोलकर अंदर पहुंचे। जहां शव को फांसी के फंदे से उतारकर उसका पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतका के परिजनों को भी सूचना दी गई। पुलिस की पूछतांछ में रोहित ने बताया कि घर में सब कुछ सही चल रहा था। कोई अनबन भी नहीं थी। फांसी लगाने की बात पर उसे भी हैरानी है। फिलहाल पुलिस मायके पक्ष और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। कोतवाल हरिशंकर चंद ने बताया कि नवविवाहिता के फांसी लगाकर खुदकुशी की सूचना मिली है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। अभी किसी भी पक्ष की ओर कोई तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सब स्टेशन के वीवीसी का इंटरप्टर फटने से बिजली आपूर्ति ठप

## -कर्मचारियों की तत्परता से मरम्मत कर बहाल हुई सप्लाई

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी-उरई।** स्थानीय नगर के विद्युत उपकेंद्र में सोमवार को वीवीसी का इंटरप्टर अचानक फट जाने से बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। इसके चलते नगर के फीडर नम्बर एक के क्षेत्रों तथा मुख्य बाजार टरनंनगंज में कई घंटों के के लिये आपूर्ति व्यवस्था ठप्प होने से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा।

घटना की सूचना मिलते ही विद्युत विभाग के उप खंड अधिकारी धर्मेंद्र सिंह सचान एवं अवर अभियंता सत्य प्रकाश गौतम अभिषेक धीर तथा कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने युद्ध स्तर पर मरम्मत कार्य शुरू किया और क्षतिग्रस्त इंटरप्टर को बदलकर तकनीकी खराबी को दूर किया। कर्मचारियों की कड़ी मेहनत के बाद दोपहर डेढ़ बजे बिजली आपूर्ति पुनः सुचारु कर दी गई।

विद्युत विभाग के उप खंड अधिकारी धर्मेंद्र सिंह सचान ने बताया कि तकनीकी खराबी के कारण इंटरप्टर क्षतिग्रस्त हुआ था। समय रहते मरम्मत कार्य पूरा कर आपूर्ति बहाल कर दी गई, जिससे उपभोक्ताओं को अधिक देर तक असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। सब स्टेशन के प्रभावित मोहल्लों में कागजीपुरा, इंदिरा नगर, टरनंनगंज बाजार, रामगंज आदि शामिल रहे।

# भाजपाईयो ने मनाई श्याम प्रसाद मुखर्जी की जयंती

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** नगर के विभिन्न बूथों पर भाजपाइयों ने प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक, महान शिक्षाविद एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई। इस अवसर पर नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को याद करते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने व उनके आदर्शों पर चलने और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व जिला महामंत्री अग्निवेश चतुर्वेदी, नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, जिला सह संयोजक आईटी सौरभ पुरवार, सभासद रविकांत कुशवाहा, बूथ अध्यक्ष सुभाष पहारिया, निखिल कुशवाहा, जगदीश कुशवाहा, नरेंद्र विश्वकर्मा, अजय कुशवाहा सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# खेत पर चारा लेने गए किसान की सर्पदंश से मौत

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** तहसील क्षेत्र के ग्राम जुगराजपुरा में जानवरों के लिए खेत पर हरा चारा लेने गए किसान की सांप के काटने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया ।गांव के निवासी रामबाबू शाक्यवार उम्र 62 वर्ष अपने छोटे भाई कन्हैया लाल के साथ खेत पर हरा चारा लेने गए थे। दोनों भाई खेत में चारे की गठरी बांध रहे थे। तभी झाड़ियों में छिपे जहरीले सांप ने रामबाबू के पैर में काट लिया। सांप के काटने के बाद उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन उन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। गांव के लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए परिजनों को सान्त्वना दी। घटना की सूचना पुलिस को भी दी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में खेतों और झाड़ियों में सांपों का खतरा बढ़ जाता है ।इसलिए सावधानी से खेती किसानी का कार्य करे।

# तेज रफ्तार बाइक की पीछे से हुई टक्कर में महिला सहित दो गंभीर रूप से घायल

## घायलो को जिला अस्पताल रेफर किया गया

( यंग भारत न्यूज )





**कोंच** क्षेत्र में वाहन दुर्घटनाए रूकने का नाम नही ले रही दिन सोमवार को सुबह 9 बजे दो मोटरसाइकिलों की पीछे से हुई टक्कर में एक महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डाक्टरो ने जिला अस्पताल उरई रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार ग्राम अटा निवासी मोहर सिंह उम्र 52 वर्ष जो होमगार्ड के पद पर कार्यरत हैं, उरई में रात्रि ड्यूटी पूरी कर सोमवार सुबह अपनी मोटरसाइकिल से वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान भदारी गांव के पास उनके आगे चल रही दूसरी मोटरसाइकिल से उनकी बाइक टकरा गई ।दूसरी मोटरसाइकिल पर वनमाली उम्र 44 वर्ष पुत्र पन्नालाल अपनी पत्नी राजकुमारी उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम उजयान के साथ बाइक पर सवार थे। बताया गया कि दोनों अपनी रिश्तेदारी ग्राम धगुंआ से वापस अपने गांव लौट रहे थे। पीछे से हुई जोरदार टक्कर के कारण दोनों मोटरसाइकिलों का संतुलन बिगड़ गया और राजकुमारी तथा मोहर सिंह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए ।जबकि वनमाली को मामूली चोटें आईं ।हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल डायल 112 पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची तथा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच पहुंचाया ।सीएचसी कोंच में तैनात डॉ. गौरव शर्मा ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत होने के कारण बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल उरई रेफर कर दिया ।पुलिस ने घटना की जानकारी लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद कुछ समय के लिए सड़क पर यातायात भी प्रभावित रहा, जिसे पुलिस ने सामान्य कराया।

# दबंगई से ट्रैक्टर की चांटी की ठेल से दीवार व टीन गिराकर विपक्षी करना चाहते थे अवैध कब्ज़ा

( यंग भारत न्यूज )

**माधौगढ़ (जालौन)** तहसील की ग्राम पंचायत गालमपुरा, निवासी रामौतार प्रजापति पुत्र रामदयाल प्रजापति ने एक शिकायती प्रार्थना पत्र प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र को देते हुए बताया कि गाटा सं0 247 रकबा 0.121 हे0 भूमि का संक्रमणीय काबिज मालिक हैं तथा उक्त गाटा सं0 में प्रार्थीगण का मकान एवं बाड़ा बना था, जिसमें आगे टीन सेट व दीवाल निर्मित है। प्रार्थी कल घर पर नहीं था, घर पर केवल औरतें थीं। यदि प्रार्थी मौके पर होता तो ये लोग जान से ही मार देते कल दिनांक 5.7.2026 ई0 को समय लगभग 12:30 बजे दोपहर में गाँव के उपेन्द्र कुमार उर्फ शैलू लल्लू, हिमांशु पुत्रगण महावीर प्रसाद अपने कुछ साथियों को लेकर हमारे दरवाजे आये और माँ-बहन की भद्दी-भद्दी गालियां दीं। उपेन्द्र कुमार के साथ कई अज्ञात व्यक्ति थे जिनके हाथों में कट्टा व लाठियों थीं, जो प्रार्थी को मारने की नीयत से आये हुए थे। उन्होंने जबरन हमारी दीवाल गिरा दी और टीन सेट भी गिरा दिया। प्रार्थी के द्वारा 112 पुलिस डायल किया गया तो मौके पर पुलिस बल पहुँचा, तब तक विपक्षी भाग गये। उक्त उपेन्द्र कुमार आदि आपराधिक किस्म के व्यक्ति हैं जिनके खिलाफ कई मुकदमें विचाराधीन हैं। उपेन्द्र कुमार उत्तर प्रदेश पुलिस में है इनके पास बन्दूक व एक पुलिस वाला ही कानून का पालन न करके गुण्डागिरी करे, तो आम जनता कैसे सुरक्षित रह सकती है। उक्त घटना को गाँव के लोगों ने देखा व सुना। विपक्षियों ने घर में घुस कर मेरी पत्नी के साथ गन्दी नजर डाली व अभद्र व्यवहार किया, तो मौके पर दयाशंकर पुत्र रामदीन नि0 गालमपुरा व गाँव के लोगों ने ललकारा, जिस पर वे जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गये। उक्त विपक्षीगणों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही करने की मांग की है जिन्होंने कुल्हाड़ी/हथियारों से लैस होकर व चाटी लगा हुआ ट्रेक्टर से दीवाल एवं टीन गिरवा दिया। ट्रेक्टर मालिक राघवेन्द्र का कहना है कि मुझे उक्त ने मुझ को दीवाल तोड़ने के लिये बुलाया था। वह लाइसन्स शुदा है। उक्त ने गुहार लगाई है कि प्रार्थी के साथ घटित घटना की मौके की जाँच की जावे, तथा दोषी लोगों के खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाही की जावे। कल रिपोर्ट / सूचना देने थाने उक्त विपक्षी के भय के कारण नहीं आ सका था, इसलिये आज रिपोर्ट करने आया हूँ। रिपोर्ट कायम कर प्रार्थी को न्याय दिलवाया जावे। उक्त घटना का वीडियो भी उपलब्ध है। नवांगतुक प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र ने समस्या के समाधान के लिए आश्वस्त किया



# जिले में ग्राम विकास की आड़ में चल रहा है महा घोटाला

## नदीगांव ब्लॉक के चार गाँवो में हुए ऑडिट का खुलासा, पकड़ी गई 1.28 करोड़ की हेराफेरी

**-डीएम ने चार पूर्व प्रधानों व सचिवो पर एफआईआर के दिए आदेश**

**-सरकार की मारी गई रकम की वसूली राजस्व की तरह आरोपियों से वसूली जाएगी**



( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जनपद की ग्राम पंचायतों के वर्ष 2019-20 के ऑडिट में करोड़ों रुपये की वित्तीय अनियमितता सामने आने के बाद जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने सख्त रुख अपनाया है। शासन की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल एफआईआर दर्ज कराने तथा सरकारी धनराशि की भू-राजस्व की भांति वसूली सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

सहायक निदेशक/जिला लेखा परीक्षा अधिकारी, सहकारी समितियां एवं पंचायत, उरई की ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार विकास खंड नदीगांव की चार ग्राम पंचायतों—गंथरा, तीतरा खलीलपुर, धंजा और क्योलारी—में वर्ष 2019-20 के दौरान विकास कार्यों में कुल 1 करोड़ 28 लाख 2 हजार 96 रुपये की वित्तीय अनियमितता पाई गई। ऑडिट में सामने आया कि कैशबुक, माप पुस्तिका, स्टॉक रजिस्टर, व्यय प्रमाणक और कार्यवाही रजिस्टर जैसे आवश्यक अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए गए, जिससे किए गए व्यय का सत्यापन संभव नहीं हो सका। जांच में यह भी पाया गया कि कई मामलों में अभिलेख जानबूझकर प्रस्तुत नहीं किए गए और शासकीय धनराशि का मनमाने ढंग से व्यय किया गया। ऑडिट के अनुसार ग्राम पंचायत गंथरा में 13,05,477 रुपये, तीतरा खलीलपुर में 51,64,890 रुपये, धंजा में 19,03,570 रुपये तथा क्योलारी में 44,28,159 रुपये की वित्तीय अनियमितता दर्ज की गई है। इन मामलों में तत्कालीन ग्राम प्रधान रितुराज गुर्जर (गंथरा), महेंद्र सिंह (तीतरा खलीलपुर), जगत सिंह (धंजा), जनक दुलारी (क्योलारी) तथा तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी/ग्राम पंचायत सचिव प्रशांत सुभाष दुबे से 50-50 प्रतिशत के अनुपात में वसूली के आदेश जारी किए गए हैं। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जिला विकास अधिकारी एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि सभी मामलों में तत्काल एफआईआर दर्ज कराई जाए, प्रभावी वसूली सुनिश्चित की जाए तथा प्रत्येक प्रकरण की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शासकीय धन के दुरुपयोग, वित्तीय अनियमितता और भ्रष्टाचार के मामलों में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा तथा सरकारी धन का एक-एक रुपया वसूल किया जाएगा।

# आईएएस रिन्कू सिहं राही के पक्ष में आया जनसंघर्ष मोर्चा

- कर्मठ अधिकारी के लिए मोर्चा करेगा जम कर संघर्ष
- जिले मे तैनात आईएएस अधिकारी को भ्रष्ट् लोगो द्वारा नित नये आरोप लगाने पर बिफरे समाजिक कार्यकर्ता



( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जन संघर्ष मोर्चा जनपद जालौन के जिला संयोजक गिरेन्द्र सिंह ने एक लिखित प्रेस नोट के माध्यम से मीडिया को अवगत कराया की उनके द्वारा जिले में तैनात आईएएस अधिकारी रिंकू सिंह राही जब से जिले में आए हैं उनकी ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा और आम लोगों के शिकायत निस्तारण का जो तरीका है उसे समस्त जालौन के नागरिक प्रभावित हुए हैं और वह चाहते हैं कि इस प्रकार की ईमानदार अफसर आकर जालौन में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाए किंतु कुछ ही महीना में माफिया लॉबी पर हंटर चलने के कारण उनके ऊपर नित नये झूठे आरोप लगाकर शिकायत कर उन्हें मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है इसकी हम कडे शब्दों में निंदा करते हैं और बताना चाहते हैं की रिंकू सिंह राही जैसे ईमानदार समस्त अफसरो के साथ हम सामाजिक कार्यकर्ता कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हुए हैं जिस तरह गंदी राजनीति के चलते लोग इस अफसर का चरित्र हरण करने में लगे हुए हैं यह बहुत निन्दनीय है और हम लोग इस प्रकार की ओझी मानसिकता के लोगों की खिलाफत करते हैं जो इस प्रकार के कृत्य नित नए दिन करवा रहे हैं इस विषय पर हम माननीय मुख्यमंत्री से निवेदन करते हैं कि उनके द्वारा कहे जीरो टालेंस की नीति को अमल पर रहने के लिए ऐसे अधिकारियों को स्वतंत्र रखने के लिए जो भी कानून और निर्देश देने पड़े दीजिए जिससे कि आम जनता भ्रष्टाचार के खिलाफ मुखर होकर भ्रष्टाचार रूपी कैंसर से लड़ने हेतु खड़ी रहे.

# लक्ष्य शिक्षा एवं राहत कोष फाउंडेशन का प्रतिभा सम्मान समारोह, 56 बच्चों की निशुल्क शिक्षा का ऐलान

### मेधावियों का सम्मान, करियर मार्गदर्शन पर दिया गया जोर

( यंग भारत न्यूज )




**उरई,जालौन।** लक्ष्य शिक्षा एवं राहत कोष फाउंडेशन के तत्वावधान में रविवार को प्रभु उत्सव गृह में प्रतिभा सम्मान एवं करियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 100 से अधिक मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ समाज के वरिष्ठजनों, व्यापारियों, सरकारी, डॉक्टरों, इंजीयर एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि भारत सरकार के अपर जॉइंट कमिश्नर अमर पाल सिंह लोधी ने कहा कि सफलता के लिए अनुशासन, निरंतर मेहनत और सही लक्ष्य का चयन सबसे जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और रोजगार के विभिन्न अवसरों की जानकारी देते हुए शिक्षा को जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बताया। कार्यक्रम में लक्ष्य परिवार की ओर से बताया गया कि लोधी समाज के माता-पिता विहीन 56 बच्चों को कक्षा 12वीं तक निशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। इस घोषणा का उपस्थित लोगों ने स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन उदय करन राजपूत ने किया। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ.आरपी सिंह राजपूत, भगवती राजपूत, एडवोकेट वीर सिंह, करन राजपूत, मनोज राजपूत, सीपी राजपूत, इंदु राजपूत, संतोष राजपूत, मोतीलाल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर भाजपा कार्यालय उरई में पुष्पांजलि व मिष्ठान वितरण

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं प्रखर राष्ट्रवादी विचारक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती भाजपा कार्यालय उरई में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा मिष्ठान वितरण किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला महामंत्री विवेक कुशवाहा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी देश की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रखर पुरोधा थे। उन्होंने 'राष्ट्र प्रथम' के आदर्श को अपने जीवन का ध्येय बनाया। बंगाल के विभाजन के समय उनका दूरदर्शी नेतृत्व तथा जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने के लिए किया गया उनका संघर्ष भारतीय इतिहास में सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि सिद्धांतों के प्रति डॉ. मुखर्जी की अटूट प्रतिबद्धता और राष्ट्र की अखंडता के लिए उनका आजीवन समर्पण युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनके विचार और आदर्श आज भी राष्ट्र निर्माण की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में जिला महामंत्री पुष्पेंद्र सेगर, प्रशांत द्विवेदी, रामजी राजपूत, मनोज यादव, मीनू मिश्रा, धीरज बाथम, आकाश गहोई, गौरव राठौर, कन्हैया शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अपना दल (एस) जिला कार्यालय पर संपन्न हुई जनसुनवाई, जिला अध्यक्ष अनिल कुदारी ने सुनीं जनसमस्याएं




( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जिला कार्यालय अपना दल (एस) जालौन में साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए जिला अध्यक्ष अनिल कुदारी जी ने क्षेत्र के कोने-कोने से आए नागरिकों व पीड़ितों की शिकायतों को एक-एक कर सुना।जनसुनवाई में मुख्य रूप से राजस्व, स्थानीय प्रशासन, बिजली, पानी और विकास कार्यों से जुड़ी समस्याएं सामने आईं। पचोखरा से आए सुरेंद्र सिंह, बृजभान सिंह कुशवाहा, इमलोरी से आए रमाकांत पटेल, नूरपुर से राहुल ठाकुर तथा रामशरण कुशवाहा कुदारी,कृष्णकान्त बरार कुदारी और कमल शाहू धनौरा कलां शिवम बिस्कर्मा, सुरेन्द्र, बृजलाल सिंह कुशवाहा, शिवम कुशवाहा, अर्जुन कुशवाहा, रामशंकर कुशवाहा, नरेश कुशवाहा, लल्लू राम विश्वकर्मा, जीतेन्द्र कुशवाहा, अनमोल मुन्नी देवी, बादशाहसिंह ब्रजनारायण सिंह बुआ, सुरेंद्र कुमार, रमाकांत, शशिकांत बिस्कर्मा, राहुल कुशवाहा आदि गांवों से बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी बात रखी। जिला अध्यक्ष ने कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कराया तथा शेष गंभीर शिकायतों के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई के निर्देश दिए। ?इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अनिल कुदारी जी ने कहा कि 'हमारी नेता एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के पदचिन्हों पर चलते हुए समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को न्याय दिलाना और उनकी समस्याओं का समाधान करना ही हमारी प्राथमिकता है। ?इस दौरान आईटी मंच के जिला अध्यक्ष जितेंद्र कुमार कुशवाहा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रोहित राठौर, सेक्टर अध्यक्ष रामशरण कुशवाहा सहित पार्टी के तमाम पदाधिकारी, सक्रिय कार्यकर्ता और पीड़ित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# स्कूल चलो अभियान को मिला नया उत्साह, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने रैली को दिखाई हरी झंडी

### 06 से 14 वर्ष के प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ने का आह्वान, नव नामांकित विद्यार्थियों का माल्यार्पण कर किया स्वागत एवं पाठ्यपुस्तकों का वितरण

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** विद्यालय से बाहर रह गए 06 से 14 वर्ष आयु वर्ग के प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से संचालित स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत आज कोंच स्थित मंडपम परिसर से जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह व चेयरमैन प्रदीप गुप्ता ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने अधिकारियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों से अपील की कि कोई भी बच्चा विद्यालय से वंचित न रहे तथा सभी पात्र बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षित समाज ही सशक्त और विकसित राष्ट्र की आधारशिला है। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों का विद्यालय से जुड़ना उनके उज्ज्वल भविष्य की पहली सीढ़ी है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह अपने आसपास ऐसे बच्चों को चिन्हित कर विद्यालय तक पहुंचाने में सहयोग करे, जिससे कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने नव नामांकित नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों का माल्यार्पण कर आत्मीय स्वागत किया तथा उन्हें नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकें वितरित कर नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। रैली में मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, उप जिलाधकारी हेमन्त पटेल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विकास चौधरी सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षकों में अतुल सोनी, फ़िरोज़ अली शाह, राघवेंद्र शर्मा, ममता स्वर्णकार-शिक्षिकाएं, जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

# जनपद में 6 जुलाई से 20 जूलाई तक होगा मुफ्त राशन का वितरण

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जालौन में 6 से 20 जुलाई तक मिलेगा मुफ्त राशन, अंत्योदय कार्डधारकों को चीनी भी होगी वितरित 20 जुलाई तक नि:शुल्क राशन वितरण शुरू, अंत्योदय कार्डधारकों को मिलेगी 3 किलो चीनी जिले में मुफ्त राशन वितरण का शेड्यूल जारी, उचित दर दुकानों को दिए गए निर्देश राशन कार्डधारकों के लिए राहत: 6 जुलाई से मिलेगा मुफ्त गेहूं-चावल, अंत्योदय कार्डधारकों को चीनी भी जालौन: राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत मुफ्त राशन वितरण शुरू, 20 जुलाई अंतिम तिथि निर्धारित की गयी है।

# ओवरब्रिज के नीचे गंभीर हालत में मिला युवक

( यंग भारत न्यूज )



- एआईएमआईएम नेता ने मानवता की मिसाल पेश कर पहुंचाया अस्पताल
- सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर, पुलिस ने भी किया सहयोग
- मानवता की मिसाल: बीमार युवक को अस्पताल पहुंचाकर एआईएमआईएम नेता ने बचाई जान

**कालपी ( जालौन ), 5 जुलाई।** कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम पड़ोसा निवासी 28 वर्षीय शंकर कोरी पुत्र श्रीराम रविवार सुबह मुन्ना फुल पावर के पास ओवरब्रिज के नीचे गंभीर हालत में पड़ा मिला। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एआईएमआईएम के वरिष्ठ नेता एनुल हसन मंसूरी की नजर युवक पर पड़ी। उन्होंने बिना देर किए रिक्शा बुलवाकर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कालपी पहुंचाया और उपचार शुरू कराया।

सीएचसी में तैनात चिकित्साधिकारी डॉ. विशाल सचान ने मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए तत्काल उपचार शुरू कराया। फार्मासिस्ट अशोक कुमार एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने ग्लूकोज चढ़ाकर प्राथमिक उपचार दिया। हालत में अपेक्षित सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर करने का निर्णय लिया। अस्पताल प्रशासन ने मामले की सूचना कोतवाली कालपी को भेजी, जिस पर प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी के निर्देश पर एक होमगार्ड को मरीज की सहायता के लिए अस्पताल भेजा गया। इसके बाद 108 एंबुलेंस से युवक को जिला अस्पताल भेज दिया गया। घटना के दौरान अस्पताल में मौजूद लोगों ने एनुल हसन मंसूरी के इस मानवीय कार्य की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने समय पर सहायता कर इंसानियत का परिचय दिया है। स्थानीय लोगों ने उनके इस प्रयास को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

# मेडिकल कॉलेज में मानवता की मिसाल, आर्थिक मदद कर नेत्रहीन मरीज का कूल्हे का ऑपरेशन किया

### गरीब नेत्रहीन मरीज के लिए डॉक्टरों ने जुटाया विभागीय फंड, कराया ऑपरेशन

( यंग भारत न्यूज )



**उरई,जालौन।** राजकीय मेडिकल कॉलेज के अस्थि रोग विभाग के चिकित्सकों ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए एक गरीब नेत्रहीन मरीज का नि:शुल्क कूल्हे का सफल ऑपरेशन कराया। मरीज के पास आयुष्मान कार्ड और इम्प्लांट खरीदने के लिए पैसे नहीं थे। ऐसे में विभाग के चिकित्सकों ने आपस में फंड एकत्र कर इम्प्लांट की व्यवस्था की और सफल सर्जरी की।

मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. महेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में अस्थि रोग विभाग के डॉ. सिद्धार्थ अग्रवाल और डॉ. अश्विन कुमार की टीम ने दिनेश (40) निवासी ग्राम सहाव, जनपद जालौन का ऑपरेशन किया। मरीज का कूल्हा फ्रैक्चर हो गया था, जिसके उपचार के लिए इम्प्लांट की आवश्यकता थी।चिकित्सकों ने मरीज की आर्थिक स्थिति को देखते हुए विभागीय सहयोग से इम्प्लांट उपलब्ध कराया और सफल ऑपरेशन किया। वर्तमान में मरीज पूरी तरह स्वस्थ है और उसे अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। ऑपरेशन में अस्थि रोग विभाग के डॉ. सिद्धार्थ अग्रवाल, डॉ. अश्विन कुमार, डॉ. अंकित साहू तथा निश्चेतना विभाग के डॉ. महेश कुमार वर्मा सहित अन्य कनिष्ठ चिकित्सकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# खाऊ कमाऊ नीतियों के आधार पर चल रही है कालपी कोतवाली पुलिस

## एसपी और सीओ के स्तर से लोगों की समस्याओं का निस्तारण तो हो जाता है

- मगर कोतवाली पुलिस पुराने चुनोती पूर्ण मामलों का खुलासा भी नही कर पाई है
- चोर, उचक्के, चैन स्नैचर, जेब कतरे, और हिस्ट्रीशीटर तथा गैंगस्टर के आरोपी अपने डरावने चेहरे लेकर घूम रहे हैं सरे आम, जनता हो रही भयभीत
- बीते रोज जिस महिला की सरे बाजार लूटी थी चैन वह रिपोर्ट दर्ज कराने को घूम रही है लाचार

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी ( जालौन )।** कालपी कोतवाली की कार्यप्रणाली को लेकर क्षेत्र में लगातार सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अपेक्षित सख्ती नहीं दिखाई जा रही है। लोगों का कहना है कि मुख्य बाजार सहित विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई न होने से आम नागरिकों और व्यापारियों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है।

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि गैंगस्टर, हिस्ट्रीशीटर और अन्य आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के विरुद्ध कार्रवाई में ढिलाई बरती जा रही है। वहीं, चोरी, चैन स्नैचिंग, जुआ, अवैध गतिविधियों तथा अन्य आपराधिक घटनाओं के कई मामलों के खुलासे में भी पुलिस अपेक्षित सफलता हासिल नहीं कर सकी है। इन घटनाओं को लेकर जनता के बीच पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। क्षेत्र में यह चर्चा भी है कि कुछ प्रभावशाली राजनीतिक व्यक्तियों के संरक्षण के कारण पुलिस निष्पक्ष कार्रवाई नहीं कर पा रही है। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। नागरिकों का कहना है कि यदि किसी भी स्तर पर राजनीतिक हस्तक्षेप हो रहा है तो इसकी निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए, ताकि पुलिस की निष्पक्षता पर उठ रहे सवाल समाप्त हो सकें। लोगों का यह भी कहना है कि जब वे अपनी शिकायत लेकर पुलिस अधीक्षक जालौन के पास पहुंचते हैं तो शिकायतों पर तत्काल संज्ञान लिया जाता है और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए जाते हैं। इसके बाद संबंधित मामलों में कार्रवाई भी देखने को मिलती है। ऐसे में लोगों का सवाल है कि जो कार्रवाई उच्च अधिकारियों के निर्देश के बाद संभव होती है, वह सीधे कालपी कोतवाली स्तर पर समय रहते क्यों नहीं की जाती। स्थानीय लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश पुलिस को अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। इसके बावजूद यदि क्षेत्र में अपराधों के खुलासे और अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई को लेकर सवाल उठ रहे हैं, तो संबंधित मामलों की समीक्षा की जानी चाहिए। नागरिकों का यह भी कहना है कि पुलिस अधीक्षक जालौन विनय कुमार सिंह की ईमानदार और निष्पक्ष अधिकारी की छवि है। ऐसे में अधीनस्थ स्तर पर यदि कार्यप्रणाली को लेकर शिकायतें सामने आ रही हैं तो उनकी निष्पक्ष जांच कराकर वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जानी चाहिए। क्षेत्र के लोगों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि कालपी कोतवाली की कार्यप्रणाली की निष्पक्ष समीक्षा कराई जाए, अपराधियों के विरुद्ध बिना किसी राजनीतिक दबाव के सख्त कार्रवाई की जाए तथा जनता का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत किया जाए।

# उरई के ऐर गांव में अचानक पहुंची तेज तर्रार एसडीएम सदर, गंदगी और जलभराव आदि समस्याएं देख अधीनस्थों को जम कर फटकारा

### -एडीओ पंचायत, बीडीओ व लेखपाल को नोटिस, -सप्ताहभर चलेगा विशेष सफाई अभियान

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** तहसील क्षेत्र के ऐर गांव में जलभराव की शिकायत मिलने पर सोमवार को उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह ने मौके पर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायत की जांच के दौरान गांव के कई स्थानों पर जलभराव की पुष्टि हुई। निरीक्षण में पाया गया कि अवैध अतिक्रमण, नालियों की समुचित सफाई न होना तथा जल निकासी व्यवस्था में खामियों के कारण कई स्थानों पर पानी जमा है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही बरसात के मौसम में संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ गया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम ज्योति सिंह ने एडीओ पंचायत, खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) तथा संबंधित लेखपाल को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ), खंड विकास अधिकारी डकोर तथा जिला समन्वयक मनरेगा को निर्देशित किया कि ऐर गांव में एक सप्ताह तक विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। अभियान के तहत नालियों की सफाई, जल निकासी व्यवस्था में सुधार तथा आवश्यक निर्माण कार्य कराकर गांव को जलभराव की समस्या से राहत दिलाई जाएगी।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं और जल्द प्रभावी समाधान का भरोसा दिलाया। प्रशासन का कहना है कि अभियान की नियमित निगरानी की जाएगी ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो।

# कान्हा गौशाला पहुंचे जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

### - गोवंशों को गुड़-चना खिलाकर किया स्नेहपूर्ण संरक्षण का संदेश, नियमित देखभाल एवं बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** कोंच में संचालित कान्हा गौशाला का आज जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोवंशों के रख-रखाव, चारा, पेयजल, स्वच्छता तथा चिकित्सा सुविधाओं का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं उच्च गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने गौशाला में संरक्षित गोवंशों को अपने हाथों से गुड़ एवं चना खिलाया। उन्होंने कहा कि गोवंशों की सेवा एवं संरक्षण शासन की महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में शामिल है। गौशालाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक गोवंश को समय पर हरा चारा, स्वच्छ पेयजल एवं आवश्यक पशु चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि गौशाला परिसर की नियमित साफ-सफाई, पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण तथा चारे की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बीमार एवं कमजोर गोवंशों पर विशेष निगरानी रखते हुए उनका समुचित उपचार कराया जाए, ताकि उन्हें बेहतर देखभाल मिल सके। इस अवसर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, उप जिलाधकारी हेमन्त पटेल आदि सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं गौशाला से जुड़े कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर अनियंत्रित ट्रक पलटा, चालक घायल

### डेढ़ घंटे तक यातायात प्रभावित

( यंग भारत न्यूज )



**उरई- जालौन।** सोमवार की सुबह बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह हादसा हो गया। औरैया की ओर से चित्रकूट जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गया। हादसे में ट्रक में सवार छह लोग घायल हो गए। सभी को बुंदेखंड एक्सप्रेसवे एंबुलेस सेवा के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य में भर्ती कराया गया है।

बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर सोमवार सुबह एक्सप्रेसवे के किमी संख्या 210 गोहन के पास एक हादसा हो गया। महाराष्ट्र के मालेगांव से आ रहा ट्रक तेज गति के कारण अनियंत्रित हो गया और डिवाइडर से टकराकर पलट गया। हादसे में महाराष्ट्र के मालेगांव निवासी ट्रक चालक अब्दुल हमीद (55) संतकबीरनगर के दुधारा निवासी क्लीनर सुभान अली (28) के अलावा उसमें सवार मालेगांव निवासी मोहम्मद रेहान (25), संजीदा खातून पत्नी आरिफ (50), साहमा खातून (23) व मिसवा खातून (19) पुत्री आरिफ घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही यूपीडा की टीम के साथ सीओ अजय सिंह, कोतवाली में तैनात एसआई सुरेश चंद्र पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। सभी घायलों को ट्रक से निकालकर सीएचसी भेजा गया। जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें उच्च संस्थान रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद एक्सप्रेसवे पर कुछ देर यातायात प्रभावित हुआ, लेकिन क्रेन की मदद से ट्रक हटाकर यातायात सुचारू करा दिया गया। सीओ अजय सिंह ने बताया कि घायलों के परिजनों को सूचना दी जा रही है और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

# राममंदिर चंदा घोटाले की जांच की मांग को लेकर भाकपा ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

### राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

( यंग भारत न्यूज )




**उरई ( जालौन )।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) की जिला इकाई ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से सौंपा।

इस मौके पर का. रामकिशोर गुप्ता जिला मंत्री, का. देवेश चौरसिया, का. रमेशचंद्र गुप्ता, राजेश तिवारी, का. विनय पाठक, भारत सिंह जाटव, लक्ष्मीकांत, विजय सिंह राठौर ने ज्ञापन देते हैं कहा कि अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावे एवं दान की धनराशि में कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई। भाकपा नेताओं ने आरोप लगाया कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े राम मंदिर में चढ़ावे और दान की धनराशि में कथित गड़बड़ी हुई है। उन्होंने इस पूरे प्रकरण की स्वतंत्र एजेंसी से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि यदि मामले में किसी प्रकार की अनियमितता हुई है तो उसकी निष्पक्ष जांच कर सच्चाई जनता के सामने लाई जाए। इसके अलावा ज्ञापन में बढ़ती महंगाई, बिजली के निजीकरण, स्मार्ट मीटर, पेट्रोलियम पदार्थों की बढ़ती कीमतों, किसानों को खाद-बीज की उपलब्धता, दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, महिलाओं एवं अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार, कानून व्यवस्था तथा किसानों और मजदूरों की समस्याओं का भी उल्लेख किया गया। भाकपा ने इन जनसमस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। प्रदर्शन के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि आम जनता से जुड़े मुद्दों की लगातार उपेक्षा की जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# परिवार परामर्श केंद्र ने टूटने से बचाए 10 परिवार, समझौते के बाद लौटीं खुशियां

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** जालौन पुलिस के महिला परिवार परामर्श केंद्र ने एक बार फिर पारिवारिक विवादों के समाधान में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। केंद्र की टीम ने आपसी मनमुटाव और वैवाहिक विवादों से जूझ रहे 10 परिवारों की काउंसलिंग कर दोनों पक्षों के बीच सुलह-समझौता कराया, जिससे टूटने की कगार पर पहुंचे परिवारों में फिर से खुशियां लौट आईं।

परामर्श केंद्र की टीम ने पति-पत्नी एवं उनके परिजनों की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना और आपसी संवाद के माध्यम से मतभेद दूर कराने का प्रयास किया। सफल काउंसलिंग के बाद सभी दंपतियों ने आपसी सहमति से साथ रहने का निर्णय लिया और भविष्य में प्रेम, विश्वास एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया। जालौन पुलिस ने कहा कि परिवार परामर्श केंद्र का उद्देश्य पारिवारिक विवादों का शांतिपूर्ण समाधान कर परिवार संस्था को मजबूत बनाए रखना है, ताकि छोटे-छोटे मतभेद रिश्तों के टूटने का कारण न बनें।

# कोंच तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित, 222 शिकायतों में बस 27 का मौके पर निस्तारण

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जनसमस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से आज कोंच तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

समाधान दिवस में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की 222 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 27 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान राजस्व, पुलिस, विद्युत, नगर पालिका, विकास, समाज कल्याण, पूर्ति सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। भूमि विवाद, पैमाइश, अवैध कब्जा, बिजली, पेयजल, सड़क, सफाई एवं कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों पर अधिकारियों ने गंभीरता से सुनवाई की। उमरी निवासी मीना देवी ने अमलदरामद कराए जाने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए, जिसके बाद शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि प्रत्येक शिकायत का मौके पर जाकर निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिना जांच के किसी भी शिकायत का निस्तारण न दर्शाया जाए। यदि ऐसा पाया गया तो संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करते हुए अधीनस्थ अधिकारियों को निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी और पीड़ितों को समय पर न्याय दिलाना प्राथमिकता रहेगी। समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए उपस्थित ग्रामीणों को पौधों का वितरण भी किया तथा सभी से अधिक से अधिक पौधारोपण करने और उनकी देखभाल करने की अपील की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एचएन प्रसाद, उप जिलाधकारी हेमन्त पटेल आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# सरकारी चकरोड पर दबंग द्वारा अवैध कब्जे का आरोप

### पीड़ित ने एसडीएम से की न्याय की मांग

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** तहसील उरई क्षेत्र के ग्राम रगेदा निवासी किसान रामपाल पुत्र रामलखन ने गांव के दबंग लोगों द्वारा सरकारी सार्वजनिक चकरोड पर कथित अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी उरई को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

प्रार्थी रामपाल पुत्र रामलखन, संतोष कुमार, रानी देवी, बहू रानी निवासी ग्राम रगेदा ने दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी कृषि भूमि गाटा संख्या 103 में स्थित है। खेत तक आने-जाने के लिए गाटा संख्या 102 एवं 104 के बीच स्थित सरकारी चकरोड ही एकमात्र रास्ता है। शिकायत के अनुसार गांव निवासी दबंग जाहर सिंह यादव ने 1 जुलाई 2026 को जेसीबी मशीन से चकरोड को कथित रूप से समतल कर अपने खेत में मिला लिया। अब उस स्थान पर तार फेंसिंग करने की तैयारी की जा रही है। प्रार्थी का आरोप है कि यदि सरकारी चकरोड पर फेंसिंग कर दी गई तो ग्रामीणों एवं किसानों का आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाएगा। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित व्यक्ति प्रभावशाली होने के कारण ग्रामीण विरोध करने से डर रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि चकरोड को तत्काल खाली कराया जाए तथा मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए। फिलहाल प्रशासन की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। शिकायत की जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# 49 कॉल, डिलीट चैट. पति की मौत पर बहाए आंसू, अंतिम संस्कार में भी रही शामिल; फिर मोबाइल ने खोल दी पत्नी की साजिश

हरियाणा के रेवाड़ी से रिश्तों को शर्मसार कर देने वाला एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. यहां एक पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या की ऐसी साजिश रची कि पहली नजर में मामला हादसा या आत्महत्या जैसा लगे.पति को पहले मिलने के बहाने बुलाया गया, फिर कथित तौर पर उसका दम घोंटकर उसे जिंदा ही नहर में फेंक दिया गया. इतना ही नहीं, पति की मौत के बाद पत्नी ने ससुराल पहुंचकर शोक मनाया, अंतिम संस्कार और सभी रस्मों में शामिल हुई, ताकि किसी को उस पर शक न हो. लेकिन एक मोबाइल फोन में छिपे सबूतों ने पूरे खेल का पर्दाफाश कर दिया.



पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान रेवाड़ी के जड़थल गांव निवासी 21 साल के मोनू के रूप में हुई है. आरोप है कि उसकी पत्नी तन्नू ने अपने प्रेमी सोनू और उसके दो साथियों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची. वारदात को हादसा दिखाने के लिए मोनू को नहर में फेंक दिया गया, ताकि मौत डूबने से हुए लगे. परिजनों ने बताया कि 8 जून की शाम मोनू ने घरवालों से पेट दर्द की बात कही और डॉक्टर के पास जाने का बहाना बनाकर स्कूटी से घर से निकल गया. उसने अपने पिता को साथ चलने से भी मना कर दिया. आरोप है कि वह पत्नी तन्नू को बुलाने पर उससे मिलने गया था. जब देर रात तक वह घर नहीं लौटा तो परिवार ने उसकी तलाश शुरू की. अगले दिन कसौला थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई. 10 जून को आसलवास के पास नहर से मोनू का शव बरामद हुआ. उसकी स्कूटी भी नहर किनारे खड़ी मिली. शरीर पर कोई स्पष्ट चोट के निशान नहीं थे, इसलिए शुरुआती जांच में मामला डूबने या आत्महत्या का माना गया. पोस्टमॉर्टम के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शव परिजनों को सौंप दिया. 11 जून को पुलिस ने मोनू का मोबाइल फोन परिवार को सौंपा. परिजनों ने देखा कि फोन का पूरा डेटा डिलीट किया जा चुका था. इससे उन्हें शक हुआ. उन्होंने साइबर विशेषज्ञ की मदद से डिलीट डेटा रिकवर कराया. जिसके बाद तन्नू और मोनू की चैट मिली.

जांच में यह भी सामने आया कि जिस दिन मोनू लापता हुआ, उस दिन उसने तन्नू को 49 बार कॉल किए थे. दोनों के बीच केवल एक बार करीब तीन मिनट तक बात हुई थी. जिसके बाद पुलिस को उसपर शक हुआ. परिजनों ने बताया कि बेटे की अंतिम रस्में पूरी होने तक उन्होंने किसी को अपने शक का एहसास नहीं होने दिया. रस्में पूरी होने के बाद उन्होंने मोबाइल से मिले सबूत पुलिस को सौंपे और हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की. पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में तन्नू ने स्वीकार किया कि उसने 8 जून को मोनू को मिलने के लिए बुलाया था. वहां पहेल से उसका प्रेमी सोनू और उसके साथी हिरओम व अमन मौजूद थे. आरोप है कि तीनों ने मिलकर मोनू का मुंह और नाक दबाकर उसे बेहोश कर दिया. इसके बाद उसे नहर में फेंक दिया गया, ताकि उसकी मौत डूबने से हुई लगे. पुलिस ने इस मामले में तन्नू और आरोपी हरिओम को गिरफ्तार कर लिया है. जबकि मुख्य आरोपी सोनू और उसका एक अन्य साथी अमन अभी फरार हैं. उनकी तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है.

# शौहर ने दिया 3 तलाक, हलाला की आड़ में जेठ ने किया रेप; रोते-बिलखते थाने पहुंची महिला

( यंग भारत न्यूज )

**बिजनौर।** प्रदेश के बिजनौर में मानवता को शर्मसार कर देने वाली एक वारदात सामने आई है. यहां शेरकोट इलाके में रहने वाली एक विवाहिता को पहले उसके शौहर ने मारा-पीटा, फिर तीन तलाक देकर घर से बाहर कर दिया.




इसके बाद आरोपी के बड़े भाई ने हलाला की आड़ में पीड़िता का रेप किया. आरोपियों ने इस दौरान पीड़िता को बंधक बना लिया और उसे मायके तक भी नहीं जाने दिया. जैसे तैसे आरोपियों के चंगुल से छूटी पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दी. इसके बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है. पीड़िता ने एसपी अभिषेक झा के सामने उपस्थित होकर अपना दर्द बयां किया. बताया कि उसका निकाह करीब एक साल पहले नहटौर निवासी युवक के साथ हुआ था. निकाह के वक्त उसके पिता ने अपनी हैसियत से बढ़कर दान दहेज दिया और खूब खर्च किया. लेकिन ससुरालियों का इससे मन नहीं भरा और वह अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसे लगातार प्रताड़ित कर रहे थे. दहेज की मांग को लेकर आए दिन घर में झगड़े भी होते थे. पीड़िता ने आरोप लगाया कि 19 मई की रात में उसके पति ने बेरहमी से मारपीट की. इसी दौरान आरोपी ने उसे 'तीन तलाक' बोलकर धक्के मारते हुए घर से बाहर निकाल दिया. अगले दिन 20 मई की सुबह वह शिकायत लेकर थाने पहुंची, तो ससुराल पक्ष के लोग भी वहां आ गए. उन्होंने अपनी गलती मानते हुए भविष्य में ऐसा न करने का वादा किया और पुलिसिया कार्रवाई से बचने के लिए पीड़िता को समझा-बुझाकर वापस घर ले आए. पीड़िता ने बताया कि घर लौटने के बाद पति ने पीड़िता से कहा कि तीन तलाक के बाद दोबारा निकाह के लिए उसे 'हलाला' करना होगा. फिर उसे जेठ के साथ रहने के लिए मजबूर किया गया. आरोप है कि जेठ ने हलाला की आड़ में उसके साथ बार बार रेप किया. पीड़िता ने इसका विरोध किया, तो फिर उसके साथ मारपीट की गई. और बंधक बनाकर रखा गया. आरोपियों के चंगुल से छूटकर एसपी आफिस पहुंची पीड़िता ने अब आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है.

# 80 साल की बुजुर्ग महिला से 35 साल के सलमान ने किया रेप, बेहोशी की हालत में छोड़ कर भागाः 35 दिन बाद अस्पताल में मौत, यूपी के हाथरस का मामला

( यंग भारत न्यूज )

**हाथरस।** यूपी के हाथरस में सनसनीखेज घटना हुई है। पड़ोस में रहने वाले सलमान ने 80 साल की महिला से रेप किया। 35 दिन बाद अस्पताल में उसकी मौत हो गई।



उत्तर प्रदेश के हाथरस में 80 साल की बुजुर्ग महिला के साथ रेप और 35 दिन बाद इलाज के दौरान उनकी मौत की घटना सामने आई है। महिला की 31 मई की रात को घर में अकेली पाकर सलमान ने रेप किया था। वह महिला के पड़ोस में रहता है। दरिंदगी का पता आसपास के लोगों को सुबह मिली, जब उन्होंने महिला को बुरे हालत में घर में देखा। घर का दरवाजा खुला हुआ था। बहुत मुश्किल से महिला ने अपनी आपबीती बताई। उसे बेहोशी की हालत में सलमान फरार हो गया था। महिला को जब अस्पताल ले जाया गया। उस वक्त तक काफी रक्तस्राव हो चुका था। महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया जहाँ वह 35 दिनों तक जिंदगी और मौत से जूझती रही। यूपी पुलिस पहले ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। महिला की मौत के बाद अब पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, ताकि उसके आधार पर आगे की कानूनी और सख्त कार्रवाई की जा सके।

# मुज़फ्फरनगर में भाजपा नेत्री से दुष्कर्म व धर्म परिवर्तन का आरोपी राजीव बालियान गिरफ्तारी से बचने के लिए पहुंचा हाई कोर्ट, दायर की याचिका

( यंग भारत न्यूज )

नोएडा निवासी भाजपा नेत्री का धर्म परिवर्तन कराने व दुष्कर्म करने के आरोपी के घर पर ताला लग गया है। पुलिस उसे यहां लगातार तलाशती रही जबकि उसने खुद को बचाने के लिए पुलिस को चकमा देकर मुकदमे को झूठा बताते हुए इलाहाबाद हाई कोर्ट में याचिका दायर कर दी है।



भोपा थाना पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के आदेश पर मोरना निवासी अशफाक उर्फ राजीव बालियान व उसके 4 परिजनों के खिलाफ 18 जून को रिपोर्ट दर्ज की थी। इसके बाद पुलिस ने पीड़िता के कोर्ट में धारा 164 के तहत बयान भी दर्ज कराए थे, जिसमें पीड़िता ने अपने साथ हुए पूरे धोखे व प्रताड़ना की आपबीती सुनाई थी। हालांकि, इतने दिन बीतने के बाद भी मुख्य आरोपी और उसके परिवार के लोग पुलिस के हाथ नहीं आ सके हैं। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी भोपा लक्ष्मण सिंह वर्मा का कहना है कि आरोपियों के घर पर ताला लगा है और पुलिस उन्हें लगातार तलाश रही है, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग पा रहा है। इसी बीच यह भी पता चला है कि आरोपी ने दर्ज कराई रिपोर्ट को पूरी तरह झूठा बताते हुए हाई कोर्ट में याचिका दी है। यह पूरा हाई-प्रोफाइल मामला उस समय प्रकाश में आया था जब पीड़िता हिंदू संघर्ष समिति के संयोजक नरेंद्र पंवार व अन्य पदाधिकारियों के साथ एसएसपी कार्यालय पहुंची थी। महिला के अनुसार, वर्ष 2016 में उसकी मुलाकात मोरना निवासी अशफाक से हुई थी, जो उसे 'राजीव बालियान' बनकर मिला था। विश्वास जीतने के बाद आरोपी ने उसका नाम जबरन 'नूरजहां' रख दिया और रुड़की व कलियर शरीफ ले जाकर धर्म परिवर्तन कराकर निकाह कर लिया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया, घर ले जाकर जबरन मांस खिलाया और नया मकान बनाने के नाम पर उसके करीब 30 लाख रुपये हड़प लिए, जिसके लिए महिला को अपना नोएडा स्थित फ्लैट तक बेचना पड़ा। इस मामले में आरोपी के परिजन भी शामिल रहे। पुलिस ने मुख्य आरोपी और उसके पुत्र माजिद, साजिद व दो पुत्रियों आयशा व खुशबू के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की हुई है। इस मामले में नया मोड़ तब आया जब आरोपी अशफाक की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, स्थानीय विधायकों और बड़े साधु-संतों के साथ तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगीं, जो उसने खुद अपना रुतबा दिखाने के लिए पोस्ट की थीं। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि इन वायरल तस्वीरों की साइबर सेल के माध्यम से तकनीकी सत्यता की जांच कराई जा रही है कि ये तस्वीरें असली हैं या एआई (ढ्ढ) जनित हैं। दूसरी ओर, सोशल मीडिया पर यूजर्स इस पूरी थ्योरी पर सवाल उठा रहे हैं कि अगर आरोपी ने खुद को हिंदू बताया था तो निकाह के समय महिला ने आपत्ति क्यों नहीं जताई। फिलहाल, पुलिस का कहना है कि वे ठोस साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई कर रहे हैं।

# नौकरी छोड़ो बच्चा पैदा करो' ,आकृति को बेल्ट से मारता था पति? मां ने खोले 72 दिन की शादी के राज

( यंग भारत न्यूज )

दिल्ली के लोधी कॉलोनी में 28 वर्षीय आकृति सुतार की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, शादी के मात्र 72 दिनों बाद हुई आकृति की मौत को उसके घरवालों ने हत्या करार दिया है और इसका आरोप उसके पति और ससुराल वालों पर लगाया है।



सोमवार को पुलिस ने मृतका के पति अरस्तू सिक्का को गिरफ्तार भी कर लिया है। आकृति की मां ने दामाद पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट और नौकरी छोड़ बच्चा पैदा करने के दबाव जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने अपनी शिकायत में कहा है कि ' मुझे अरस्तू और उसके घरवालों को पहचानने में गलती हो गई और इसी कारण मेरी बेटी आज इस दुनिया में नहीं है।' उन्होंने कहा कि 'शादी के पहले अरस्तू और आकृति में बहुत प्यार था लेकिन शादी होते ही अरस्तू के रंग-ढंग बदल गए। अरस्तू के पास काम नहीं था इसलिए वो मेरी बेटी को मानसिक और शारीरिक तौर पर परेशान करने लगा था, उनकी बेटी ने उन्हें बताया था कि वो उसे बेल्ट से मारता है।'

अनु की शिकायत के मुताबिक अरस्तू सिक्का और उसके घरवाले उनकी बेटी पर प्रेशर डाल रहे थे कि वो नौकरी छोड़ दे और बच्चा पैदा करे और घर से बाहर ना जाए। अगर ऑफिस में आकृति का फोन स्विच ऑफ हो जाता था कि उसका पति उसे जानवरों की तरह पीटता था। शादी के मात्र 72 दिनों के अंदर उनके घर में कलह शुरू हो गई थी। मृतका की मां अनु की शिकायत के अनुसार, शादी के तुरंत बाद से ही पति अरस्तू चाहता थे कि आकृति घर पर रहे और घर की जिम्मेदारी उठाए। जब आकृति ने अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों का हवाला देकर नौकरी छोड़ने से मना किया, तो उसके साथ मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना का सिलसिला शुरू हो गया। मां अनु ने कहा है कि' आकृति छतरपुर की एक निजी कंपनी में सेल्स एग्जीक्यूटिव के रूप में काम करती थी। वही हमारे परिवार की आर्थिक रीढ़ थी, क्योंकि पिता की मृत्यु के बाद मेरी और छोटे भाई की जिम्मेदारी उसी के कंधों पर थी। शादी से पहले आकृति ने स्पष्ट कर दिया था कि वह अपनी नौकरी जारी रखेगी ताकि मायके की मदद कर सके, जिस पर ससुराल वालों ने पहले सहमति दी थी, लेकिन शादी के तुरंत बाद उनके सुर बदल गए और कहने लगे कि वो अपनी मां को पैसे क्यों भेजती है। आपको बता दें कि ये शादी प्रेम विवाह थी, दरअसल आकृति की स्कूल फ्रेंड है अगुस्तिका, जिसका भाई है अरस्तू सिक्का, आकृति का अक्सर अगुस्तिका के घर आना-जाना होता था, जहां उसकी दोस्ती अरस्तू से हुई और फिर दोनों में मोहब्बत हो गई, दोनों करीब 8 साल से एक-दूसरे को जानते थे और पिछले 2 साल से रिलेशनशिप में थे। दोनों की फैमिली को इस रिश्ते से कोई आपत्ति नहीं थी इसलिए उन्होंने इसी साल 24 अप्रैल को उनकी शादी कर दी लेकिन शादी के बाद हालात बदल गए। मालूम हो कि 4 जुलाई को आकृति सुतार लोधी कॉलोनी के पालिका कुंज स्थित एनडीएमसी फ्लैट्स की इमारत से नीचे गिरी हुई पाई गई थी। उसे तुरंत अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गौर करने वाली बात ये है कि आकृति सुतार पुष्प विहार कालोनी में रहती थी और उसका शव लोधी कॉलोनी के पास मिला जो कि पुष्प विहार से 10 किमी दूर है, अब आकृति सुतार वहां कैसे पहुंची ? ये एक बड़ा सवाल है, जिसका सवाल पुलिस खोज रही है। आकृति की मां ने बताया कि ' 17 जून को आकृति ने रोते हुए फोन किया था। उसने बताया कि फोन साइलेंट होने के कारण वह अरस्तू का कॉल नहीं उठा पाई थी

# बंगालः गुस्साई भीड़ ने आरोपी को पीट-पीटकर मार डाला, 11 वर्षीय बच्ची से रेप कर की थी हत्या, अभिषेक बनर्जी ने भाजपा को घेरा

( यंग भारत न्यूज )

बंगाल में दक्षिण 24 परगना जिले में रविवार को भीड़ ने गुस्से में 11 वर्षीय बच्ची के रेप और हत्यारोपी की पीट-पीटकर हत्या कर दी है। पुलिस ने नाबालिग का शव बरामद किया। एक दिन पहले बच्ची लापता हो गई थी। इस घटना के बाद पूरे इलाके में आक्रोश फैल गई।



पुलिस के अनुसार, नाबालिग का शव बारुईपुर के सूर्यपुर हाट इलाके में एक बोरी में भरा हुआ मिला। बच्चे की मौत से स्थानीय लोगों में गुस्सा फैल गया। उन्होंने दोषियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग करते हुए बारुईपुर-जयनगर सड़क जाम कर दिया, टायर जलाए और पुलिस की गाड़ियों में तोड़-फोड़ की। पीटीआई के अनुसार, पुलिस महानिरीक्षक (प्रेसीडेंसी रेंज) कंकरप्रसाद बरुई ने बताया कि एक लड़की की मौत के मामले में शामिल होने के शक में गुस्साई भीड़ ने एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में अब तक चार लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रदर्शनकारियों को कंकरप्रसाद बरुई ने भरोसा दिलाया कि आरोपियों पर कार्रवाई करेंगे, इसके बाद प्रदर्शन खत्म हुआ कि इसमें शामिल सभी लोगों को गिरफ्तार किया जाएगा और उन्हें सजा दिलाई जाएगी। अधिकारी ने मेगाफोन से प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा, 'मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने मुझे सभी दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कहा है और उन्हें सजा दी जाएगी। कंकरप्रसाद ने यह भी कहा कि वह मंगलवार को पीड़िता के परिवार से मिलेंगे और हर संभव मदद का वादा किया। उन्होंने कहा, 'किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।' और साथ ही पुष्टि की कि बाकी आरोपियों को पकड़ने के लिए छापेमारी चल रही है। इसके अलावा, लड़की के शव को पोस्टमार्टम के लिए बारुईपुर सब-डिविजनल अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम से मौत की सही वजह और इस बात का पता चलेगा कि क्या उसके साथ रेप हुआ था। जांचकर्ताओं ने बताया कि लड़की शनिवार दोपहर एक दोस्त के लिए जन्मदिन का तोहफा खरीदने घर से निकली थी। वहीं, उसके परिवार का आरोप है कि चार लोगों ने जबरदस्ती उसका अपहरण कर लिया। इसके अलावा, टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में बीजेपी सरकार की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि राजनीतिक संबंध जांच को प्रभावित कर रहे हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'बीजेपी महिलाओं की सुरक्षा और हिफाजत का वादा करके बंगाल आई थी। इसके बजाय, ऐसी हर घटना उसके खोखले वादों पर नए सवाल खड़े करती है। उन्होंने आगे कहा, 'जब न्याय चुनिंदा होने लगे और आक्रोश राजनीतिक बन जाए, तो सिर्फ पीड़ित ही नहीं, बल्कि पूरे समाज को इसकी कीमत चुकानी पड़ती है।

# फिरोज ने नाबालिग को शादी का झांसा देकर बनाए शारीरिक संबंध, फिर 2 लाख में किया सौदा, हिरासत में उगले चौंकाने वाले राज

( यंग भारत न्यूज )

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की आरके पुरम एनडीआर यूनिट ने नाबालिग तस्करी और यौन शोषण के एक चर्चित मामले में बड़ी सफलता हासिल की है. पुलिस ने इस मामले के मुख्य आरोपी मोहम्मद फिरोज को गिरफ्तार कर लिया है.आरोपी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था और वह लंबे समय से फरार चल रहा था. क्राइम ब्रांच के डीजीपी चंद्र कुमार सिंह के मुताबिक आरोपी से लगातार पूछताछ की जा रही है और मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है. यह मामला वर्ष 2023 में दिल्ली के गोविंदपुरी थाने में दर्ज किया गया था. शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की थी और सामने आए तथ्यों ने जांच एजेंसियों को भी हैरान कर दिया था. पुलिस के अनुसार पीड़ित किशोरी तुगलकाबाद एक्सटेंशन इलाके में पर्स बनाने का काम सीख रही थी. इसी दौरान उसकी मुलाकात मोहम्मद फिरोज से हुई थी.

जांच में सामने आया कि 46 वर्षीय मोहम्मद फिरोज मूल रूप से बिहार के मुजफ्फरपुर का रहने वाला है. वह गुरुग्राम के उद्योग विहार स्थित एक फैक्टरी में काम करता था. आरोप है कि फिरोज ने किशोरी को अपने झांसे में लिया और धीरे-धीरे उसका विश्वास जीत लिया. इसके बाद वह उसे अलग-अलग स्थानों पर ले जाने लगा. पुलिस जांच के मुताबिक आरोपी ने नाबालिग को शादी का भरोसा दिया और इसी बहाने उसका यौन शोषण किया. मामले की जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी ने लंबे समय तक किशोरी को भ्रम में रखा और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए. बाद में जब मामला सामने आया तो यह गंभीर आपराधिक केस में बदल गया. जांच में जो सबसे चौंकाने वाली बात सामने आई, वह यह थी कि आरोपी ने कथित तौर पर दो लाख रुपये लेकर नाबालिग की शादी किसी अन्य व्यक्ति से करा दी. पुलिस के अनुसार यह शादी राजस्थान के झुंझुनूं जिले में कराई गई थी. आरोप है कि पूरे घटनाक्रम में नाबालिग की इच्छा और अधिकारों की अनदेखी की गई. पीड़िता के परिजनों को जब पूरे मामले की जानकारी हुई तो उन्होंने पुलिस से संपर्क किया. शिकायत मिलने के बाद पुलिस हरकत में आई और किशोरी को सुरक्षित बरामद किया गया. इसके बाद उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया. पुलिस के अनुसार मेडिकल जांच में किशोरी के साथ यौन उत्पीड़न की पुष्टि हुई थी. मेडिकल रिपोर्ट सामने आने के बाद मामले की गंभीरता और बढ़ गई. इसके आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई शुरू की. मामले की जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत विभिन्न गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की थी. पुलिस का कहना है कि नाबालिग के साथ हुए अपराध को देखते हुए मामले को प्राथमिकता के आधार पर जांचा गया और आरोपी की तलाश तेज कर दी गई. मुख्य आरोपी मोहम्मद फिरोज की गिरफ्तारी के लिए दिल्ली पुलिस लगातार अभियान चला रही थी. उसकी गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था. क्राइम ब्रांच की टीम ने तकनीकी निगरानी, खुफिया जानकारी और मुखबिरों से मिले इनपुट के आधार पर उसकी गतिविधियों पर नजर रखी.




आखिरकार उसे गुरुग्राम से गिरफ्तार कर लिया गया. क्राइम ब्रांच के अधिकारियों का कहना है कि आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है. जांच एजेंसियों को आशंका है कि मामले में अन्य लोग भी शामिल हो सकते हैं. इसलिए पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या यह कोई संगठित नेटवर्क था या आरोपी अकेले ही इस पूरे घटनाक्रम को अंजाम दे रहा था. क्राइम ब्रांच अब इस केस के हर पहलू की जांच कर रही है. पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी ने नाबालिग को किन परिस्थितियों में अपने जाल में फंसाया और उसके बाद घटनाओं की पूरी श्रृंखला कैसे आगे बढ़ी.

# डीएम आईजीआरएस की अनिस्तारित शिकायतें लेकर पहुंचे गरौठा, शिकायतों का हुआ निस्तारण

- डीएम, एसएसपी ने चखा पोषणयुक्त हलुवा व नमकीन दलिया, परखा स्वाद और गुणवत्ता को
- भूमि संबंधित अधिक संख्या में शिकायत आने पर किया असंतोष व्यक्त, शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता परक करने के दिए निर्देश
- आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायत के निस्तारण पर शीर्षतम स्तर तक तय होगी जिम्मेदारीः- जिलाधिकारी
- जनशिकायतो के निस्तारण में गुणवत्ता के लिए 08 लेखपाल/ कर्मचारियों को किया सम्मानित,दिया प्रशस्ति पत्र
- अभियान चलाकर धारा-67 के वादों करें निस्तारण, दबंग पर हो सख्त कार्यवाही
- जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने किया तहसील टहरौली में सम्पूर्ण समाधान दिवस में किया प्रतिभाग, शिकायतें सुन निस्तारण के दिए निर्देश
- तहसील स्तर पर भूमि संबंधित विवादों के निपटान के लिए धारा 24 एवं धारा 151 की कार्यवाही के अतिरिक्त धारा 447 में भी कार्यवाही करते हुए शिकायतों का निस्तारण करने के दिए निर्देश
- समस्त विभागीय अधिकारी सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों को समय सीमा में निस्तारण कर स्वयं मौके का निरीक्षण करें



( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** तहसील गरौठा सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी गौरांग राठी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री बीबीजीटीएस मूर्ति ने संयुक्त रूप से प्रतिभाग किया और शिकायतों को सुन समय से गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए।

तहसील गरौठा में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस की गंभीरता का बोध होना जरूरी है, उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में सम्पूर्ण समाधान दिवस एवं आईजीआरएस शामिल है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही अथवा शिकायतों के निस्तारण शिथिलता होने पर शीर्षतम स्तर पर अधिकारियों की जिम्मेदारी तय होगी और कार्यवाही की जाएगी। समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को सुझाव दिया कि सर्वप्रथम आफिस में आकर आईजीआरएस पोर्टल को देखें, निस्तारित शिकायत की प्राप्त आख्या का निरीक्षण करें यदि आख्या गुणवत्ता विहीन है तो स्वयं मौके का निरीक्षण करते हुए आख्या प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा शिकायत निस्तारण में मानवीय दृष्टिकोण के आधार पर निस्तारण किया जाना अनिवार्य है। शिकायतकर्ता का शिकायत निस्तारण से संतुष्ट होंना ही शिकायत का उचित निस्तारण माना जाएगा। मौके पर विभागों की आईजीआरएस पोर्टल पर निस्तारित शिकायतों का फीडबैक लिया गया और निस्तारण से संतुष्ट और असंतुष्ट शिकायतकर्ताओं की जानकारी ली। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में लगातार जनसंवाद का आयोजन हो रहा है, जिसमें गंभीर और लंबित शिकायतों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मौके का परीक्षण करते हुए शिकायतकर्ता संबंधित अधिकारी, पुलिस एंव अन्य अधिकारियों के साथ प्रकरण की सुनवाई करते हुए उसका निस्तारण किया जा रहा है। उन्होंने ऐसी शिकायतों के निस्तारण में आख्या सही और गुणवत्तायुक्त लगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर गरौठा तहसील में आयोजित जनसंवाद के प्रकरण की जानकारी ली। जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने तहसील टहरौली में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर भूमि संबंधी अधिक शिकायतें प्राप्त होने पर कहा कि अधिक शिकायतें प्राप्त होने का सीधा अर्थ यही है कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता के साथ नहीं किया जा रहा, उन्होंने निर्देश दिए की शिकायतों का निस्तारण सही और समय से किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निजी भूमि, सरकारी भूमि/चकरोड पर अवैध कब्जों मुक्त करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने समस्त लेखपालों को निर्देश दिए कि गलत ढंग से भूमि पर कब्जा करने वाले अथवा बार-बार पैमाइश की बात पत्थरगड्डी उखाड़कर पुनः कब्जा करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि भूमि विवाद ना निपटने की स्थिति में धारा 145 पर कार्यवाही करें, उन्होंने धारा 24, पुलिस द्वारा धारा 107/16, सरकारी भूमि पर कब्जा होने पर धारा 151 की कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने भूमि संबंधित शिकायतों के निस्तारण को और प्रभावी ढंग से करने के लिए धारा 447 में भी कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील घरोठा में श्री चन्द्र शेखर पुत्र लल्लू राम निवासी लखावती ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि मौजा लखावती तहसील गरौठा की आराजी संख्या 752/2.0635 खलिहान है एवं 752/30.073 है जहाँ खाद के गड्ढे राजस्व अभिलेखों में दर्ज हैं, जिस पर अनाधिकृत रूप से दबंग व्यक्तियों द्वारा कब्जा कर निर्माण कर लिया है। जिस संबंध में कई उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिए जा चुके हैं। मौके पर राजस्व अधिकारियों द्वारा जांच की गई, जिसकी जांच रिपोर्ट के आधार पर मौके पर शिकायत को सही पाया गया एवं अग्रिम कार्रवाई करते हुए जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारी को भेजी गई परंतु आज तक किसी भी प्रकार की कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है और न ही कब्जेधारियों को हटाया गया है। जिससे पर उक्त खलीहान व खाद के गड्ढे वाली भूमि पर कब्जा बदस्तूर बना हुआ है, इस बीच और भी निर्माण छोटे चल रहे हैं। अतः प्रार्थना है कि प्रार्थना पत्र पर संज्ञान लेते हुए कानूनी व उचित कार्रवाई कर अवैध कब्जा हटाए जाने की कृपा की जाए। जिलाधिकारी ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि संबंधित क्षेत्रीय लेखपाल की आख्या का अवलोकन किया और उपजिलाधिकारी गरौठा को संबंधित लेखपाल का वेतन अवरुद्ध करते हुए विभागीय कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए, इसके साथ ही उन्होंने धारा-30(2) के अंतर्गत कार्रवाई करनै एवं संपूर्ण गाटा की पैमाइश करते हुए धारा 67 की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। तहसील टहरौली के 08 लेखपाल/ कर्मचारियों को, जिन्होंने आईजीआरएस सहित विभिन्न स्तर पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता और समयसीमा के साथ निस्तारण किया। सभी के कार्यों की प्रशंसा करते हुए जिलाधिकारी, सीएमओ,एसडीएम एवं क्षेत्राधिकारी पुलिस द्वारा उन्हें सम्मानित करते हुए प्रशस्ति पत्र भेंट किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस से पूर्व गरौठा प्रांगण में स्वास्थ्य विभाग की स्टाल का निरीक्षण किया और दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अपना ब्लड प्रेशर भी चेक कराया। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की स्टाल पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2023 के अनुरूप नवीन रेसिपी से बने व्यंजन को चखा। उन्होंने पोषणयुक्त व्यंजन की जानकारी ली और मौके पर हलुआ व नमकीन दलिया खाकर गुणवत्ता और स्वाद की जांच की, इसके अतिरिक्त, उन्होंने पीएमएमवीवाई योजना की जानकारी ली और महिलाओं को अधिक से अधिक आच्छादित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री बीबीजीटीएस मूर्ति, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 शिशिर पुरी, एसडीएम गरौठा श्री सुशील कुमार, उप प्रभागीय वनाधिकारी श्री संतोष कुमार, डीपीओ श्री दिनेश राजपूत, क्षेत्राधिकारी पुलिस, तहसीलदार सहित समस्त विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# डांस सेंसेशन-2026 में प्रतिभाओं ने बिखेरा कला का जादू, विजेताओं को किया गया सम्मानित

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** एस.वी.एन. एंटरटेनमेंट एवं संघर्ष सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय संग्रहालय सभागार में आयोजित 'डांस सेंसेशन-2026' प्रतिभा, संस्कृति और कला का अनुपम संगम बन गया। प्रतियोगिता में बुंदेलखंड के विभिन्न जनपदों से आए लगभग 80 प्रतिभागियों ने शास्त्रीय एवं बॉलीवुड नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान सभागार तालियों की गड़गड़ाहट और प्रतिभागियों के उत्साह से गूंजता रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. संदीप सरावगी ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन बच्चों और युवाओं की छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन और रचनात्मक सोच का विकास करते हैं। उन्होंने कहा कि समाज में कला और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए ऐसे आयोजनों का निरंतर होना आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं डॉ. प्रिया दीक्षित ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देना समाज का दायित्व है और ऐसे मंच उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत आधारशिला बनते हैं। प्रतियोगिता का मूल्यांकन सलोनी झा, डी.के. सिंह एवं रिमो ने निर्णायक के रूप में किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन संयोजक डॉ. पुनीत श्रीवास्तव ने किया, जबकि अंत में मेघा सोनी ने सभी अतिथियों, निर्णायकों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोजन को सफल बनाने में मेघा सोनी, सौरभ सिंह, सरस्वती, अंकित खरे, दीक्षा, संदीपिका, सेजल, अनु, कविता, अमन, पियूष एवं विक्की सहित अनेक सहयोगियों का सराहनीय योगदान रहा। प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा करते हुए निर्णायक मंडल ने बताया कि शास्त्रीय नृत्य (जूनियर वर्ग) में लावण्या साहू एवं पार्थवी अग्रवाल संयुक्त रूप से प्रथम, वेदिका तिवारी एवं अक्षिता तिवारी संयुक्त रूप से द्वितीय तथा शांभवी नामदेव एवं प्राणिका संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। शास्त्रीय नृत्य (सीनियर वर्ग) में अमित राजपूत प्रथम, भूमि राय एवं आयुषी जैन संयुक्त रूप से द्वितीय तथा झलक अग्रवाल तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं बॉलीवुड नृत्य (जूनियर वर्ग) में अवनी ने प्रथम, नव्या ने द्वितीय तथा उन्नति कुशवाहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बॉलीवुड नृत्य (सीनियर वर्ग) में श्रुति श्रीवास्तव प्रथम, समीक्षा द्वितीय तथा मिशिका जैन तृतीय स्थान पर रहीं। विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम ने यह सिद्ध कर दिया कि प्रतिभा को यदि उचित मंच और प्रोत्साहन मिले तो वह न केवल स्वयं को स्थापित करती है, बल्कि समाज की सांस्कृतिक धरोहर को भी समृद्ध बनाती है।

# जिलाधिकारी गौरांग राठी ने चौथामील सरकार पर वाटर कूलर फ्रीजर का शुभारंभ करते हुए किया वृक्षारोपण

( यंग भारत न्यूज )



**गुरसरांय।** संपूर्ण समाधान दिवस के पश्चात गरौठा से जिलाधिकारी झांसी गौरांग राठी चौथेमील सरकार पर पहुंचे जहां क्रेशर संचालक सुशील गुप्ता के पुत्र मयंक गुप्ता ने पुष्प गुच्छ और प्रभु श्री राम की प्रतिमा भेटकर उनका स्वागत किया!

चौथामील से अनेको गांव के लोगों का आना-जाना लगा रहता है उनके पेयजल सुविधा के लिए आज वहां एक वाटर फ्रिजर लगाया गया जिसका शुभारंभ जिलाधिकारी झांसी द्वारा किया गया, तत्पश्चात चौथेमील सरकार प्रांगण मे ही वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान नागर प्रधान अनुज द्विवेदी, सुनील जैन डीकू आदि उपस्थित रहे।

# थाना बिसंडा व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा ट्रैक्टर-ट्राली चोरी करने वाले 02 अंतर्जनपदीय अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

## अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के ट्रैक्टर-ट्राली, अवैध तमंचा, जिन्दा कारतूस आदि सहित नगद रुपए बरामद

( यंग भारत न्यूज )



**बांदा।** विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा चोरी, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना बिसंडा व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा ट्रैक्टर-ट्राली चोरी का खुलासा करते हुए 02 अंतर्जनपदीय अभियुक्तों को चोरी के ट्रैक्टर-ट्राली व अवैध तमंचा के साथ गिरफ्तार किया गया । गौरतलब हो कि दिनांक 23.06.2026 को कस्बा बिसंडा से एक ट्रैक्टर व ट्राली व 03.07.2026 को बिसंडा पारा से एक ट्राली चोरी की घटना की सूचना थाना बिसंडा पर प्राप्त हुई थी जिसके सम्बन्ध में थाना बिसंडा पर अभियोग पंजीकृत किया गया था तथा अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे । इसी क्रम में दिनांक 04/05.07.2026 की रात्रि को गश्त एवं चेकिंग के दौरान थाना बिसंडा व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे पुल के नीचे से 02 अंतर्जनपदीय अभियुक्तों को चोरी के ट्रैक्टर व ट्राली के साथ गिरफ्तार कर लिया गया जबकि एक अन्य अभियुक्त अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया । जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं । गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान जयचन्द्र पुत्र प्रेमचन्द्र निवासी थाना डलमऊ, जनपद रायबरेली तथा मोहम्मद नफीस पुत्र मोहम्मद शफीक निवासी थाना गदागंज, जनपद रायबरेली के रूप में हुई है । कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि उन्होंने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर दिनांक 22.06.2026 की रात्रि में कस्बा बिसण्डा स्थित एक ट्रेडर्स के गैराज से एक ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी की थी । साथ ही यह भी बताया कि उन्होंने 27/28.06.2026 की रात्रि में थाना बिसण्डा क्षेत्र के ग्राम पारा बिहारी से एक ट्रॉली चोरी कर उसे बेच दिया था । गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से चोरी का ट्रैक्टर-ट्रॉली, ट्रॉली बिक्री से प्राप्त 20 हजार रुपए नगद व एक अवैध तमंचा 315 बोर, दो जिन्दा कारतूस बरामद हुए हैं ।

बरामदगी-
01 ट्रैक्टर (चोरी का)
01 ट्राली (चोरी की)
01 अवैध तमन्चा 315 बोर
02 जिन्दा कारतूस 315 बोर
20 हजार रुपए नगद (चोरी की ट्रॉली की बिक्री से प्राप्त)

गिरफ्तार अभियुक्त-
1.जयचन्द्र पुत्र प्रेमचन्द्र निवासी निवासी गड़रियन का पुरवा थाना डलमऊ जनपद रायबरेली।
2.मोहम्मद नफीस पुत्र मोहम्मद सफीक निवासी कोरौली थाना गदागंज जनपद रायबरेली ।

फरारअभियुक्त-
1.रज्जन पुत्र रामबहादुर निवासी नेवाजगंज थाना डलमऊ जनपद रायबरेली ।

पंजीकृत अभियोग-
मु0अ0सं0 287/26 धारा 305/331(4)/317(2) बीएनएस थाना बिसंडा जनपद बांदा ।
मु0अ0सं0 311/26 धारा 303(2)/ 317(2) बीएनएस थाना बिसंडा जनपद बांदा ।
मु0अ0सं0 318/26 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बिसंडा जनपद बांदा ।

गिरफ्तारी करने वाली टीम-
1.श्री चन्द्रप्रकाश तिवारी थानाध्यक्ष बिसंडा
2.उ0नि0 पवन कुमार पाण्डेय

# रास्ता बंद करके अंडरब्रिज पुल का निर्माण हो रहा

( यंग भारत न्यूज )



**बांदा।** ग्राम खहरा थाना मटौंध के निवासी रेलवे विभाग तथा बांदा प्रशासन के विरुद्ध में प्रदर्शन कर विरोध प्रदर्शित किया है ग्राम वासियो का कहना है कि महीने भर होते आ रहे हैं हम अपने ग्राम से बाहर नहीं निकल पा रहे क्योंकि रेलवे विभाग ने हमारा रास्ता बंद करके अंडरब्रिज पुल का निर्माण कर रहे हैं जबकि खहरा की हमेशा वहीं से रास्ता रही है बरसात का समय आ चुका है ग्राम जनपद बांदा से एकदम सारी सुविधाओं से हट गया है ग्राम वासियों ने बताया है कि रोजमर्रा की चीज घर पर खत्म हो चुकी है काफी लोग बीमार पड़े हैं रास्ता न होने के कारण जनता जनपद बांदा नहीं आ पा रही है

ग्राम खहरा निवासी सुरेंद्र सिंह ने बताया है कि जनपद बांदा के जिलाधिकारी महोदय को सूचना दो बार दी जा चुकी है रेलवे विभाग के ऊपर से नीचे तक जितने भी अधिकारी हैं सबको एप्लीकेशन दी जा चुकी है उसके बाद भी सुनाई नहीं हो रही है ग्राम वासियों ने चेतावनी दी है कि यदि हमारी समस्या न सुनी गई तो हम सभी ग्रामवासी रेलवे ट्रैक पर बैठकर धरना प्रदर्शन करेंगे ग्राम वासियों ने कहा है कि इसकी जिम्मेदारी स्वयं प्रशासन तथा रेलवे विभाग के अधिकारी कि होंगे क्योंकि प्रदर्शन में गाड़ियों का आवागमन बंद हो सकता है ग्राम वासियों ने प्रशासन से अपील की है कि हमारे समस्याओं का निदान तुरंत किया जाए

# फाइनेंशियल लिटरेसी प्रोग्राम आयोजित

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** गौरी फाउंडेशन और नॉलेज पार्क फाउंडेशन ने मिलकर SEBI की गाइडलाइंस के तहत नॉलेज पॉइंट, झांसी में फाइनेंशियल लिटरेसी प्रोग्राम आयोजित किया। फाइनेंशियल ट्रेनर तुषार अवस्थी ने फाइनेंशियल प्लानिंग के महत्व पर चर्चा की और SEBI की गाइडलाइंस के बारे में जानकारी दी।

गौरी फाउंडेशन के प्रेसिडेंट राहुल द्विवेदी ने ट्रेनर का सम्मान किया और ऐसे अवेयरनेस प्रोग्राम नियमित रूप से आयोजित करने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर गौरी फाउंडेशन के वॉलंटियर्स और अन्य लोगों ने सेशन में हिस्सा लिया।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718